
RNI. MPHIN/2016/68439

दैनिक
# मेल पॉवर

वर्ष- 10 | अंक-98 | भोपाल, शुक्रवार 5 सितम्बर 2025 | पेज-8 | आमंत्रण मूल्य -1 रुपए | राजधानी भोपाल से प्रसारित

"जीवन का कार्यक्रम है रचनात्मक, विनाशात्मक नहीं; मनुष्य का कर्तव्य है अनुराग, विराग नहीं।"
भगवतीचरण वर्मा



पेज 4

## न्यूज, ब्रीफ

### जीएसटी में सुधार स्वस्थ भारत के लिए असल नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने ऐतिहासिक जीएसटी सुधार को लेकर सरकार के फैसले की तारीफ की है। नड्डा ने इसे स्वस्थ भारत के लिए असल नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी बताया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधार सभी के लिए किफायती स्वास्थ्य सेवा की दिशा में बड़ा कदम हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने एक्स पर लिखा कि पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में ऐतिहासिक जीएसटी सुधार सभी के लिए किफायती स्वास्थ्य सेवा की दिशा में बड़ा कदम है। जरूरी दवाएं और उपकरण पर 5 फीसदी से शून्य जीएसटी कर दिए गए हैं। अब जीएसटी-मुक्त स्वास्थ्य और जीवन बीमा होगा। डायबिटिक फूड्स भी सस्ते होंगे। वहीं हरियाणा के मंत्री अनिल विज ने जीएसटी पर फैसले के बाद पीएम मोदी को ग्रेट कहा। अनिल विज ने एक्स पर लिखा कि जीएसटी की दरों में बदलाव से आर्थिक विकास, निवेश और मांग बढ़ने से देश की अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्व गति आएगी।

### दिग्गज फैशन डिजाइनर और फाउंडर जियोर्जियो अरमानी का निधन

इटली के दिग्गज फैशन डिजाइनर और अरबपति अरमानी ब्रांड के मालिक जियोर्जियो अरमानी का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्हें इतालवी फैशन शैली का आदर्श माना जाता है। इटली के दिग्गज फैशन डिजाइनर और अरबपति अरमानी ब्रांड के मालिक जियोर्जियो अरमानी का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्हें इतालवी फैशन शैली का आदर्श माना जाता है। उन्होंने आधुनिक दौर के पुरुषों और महिलाओं के सूट की पुनर्कल्पना की थी। मिलान के रेडी-टू-वियर फैशन क्षेत्र के दिग्गज जियोर्जियो अरमानी ने अनस्ट्रक्चर्ड लुक के साथ फैशन में क्रांति ला दी थी। उनके निधन की उनके फैशन हाउस ने गुरुवार को पुष्टि की। फैशन हाउस ने बताया कि अरमानी की मृत्यु घर पर ही हुई। फैशन डिजाइनर जून में अपने रनवे शो में शामिल नहीं हो सके थे। उस दौरान वे वह एक अज्ञात बीमारी से उबर रहे थे।

### भारत-पाक सीमा पर लगी 110 किमी लंबी फेसिंग क्षतिग्रस्त

पंजाब में बाढ़ की वजह से भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भी हालात बेहद खराब हो चुके हैं। इंटरनेशन बॉर्डर के 110 किमी से अधिक फेसिंग (बाड़) क्षतिग्रस्त हो चुकी है और सरहद पर बनी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 90 चौकियां पानी में डूब चुकी हैं। पंजाब में लगातार बारिश और बाढ़ से हालात खराब होते जा रहे हैं। पंजाब के सभी 23 जिलों में 1400 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में हैं। ऐसे में पंजाब सरकार ने राज्य को आपदाग्रस्त घोषित कर दिया है। बाढ़ की वजह से पंजाब में भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भी हालात बेहद खराब हो चुके हैं। इंटरनेशन बॉर्डर के 110 किमी से अधिक फेसिंग (बाड़) क्षतिग्रस्त हो चुकी है और सरहद पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 90 चौकियां पानी में डूब चुकी हैं।

## आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता सभी मानवतावादी देशों का कर्तव्य

**पीएम मोदी ने समर्थन के लिए सिंगापुर के पीएम का आभार जताया**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना सभी मानवतावादी देशों का कर्तव्य है। उन्होंने हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए सिंगापुर सरकार और प्रधानमंत्री वोंग द्वारा व्यक्त की गई संवेदना और समर्थन के लिए आभार जताया।

### टेक्नोलॉजी और नवाचार पर फोकस

पिछले वर्ष हुए सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम पार्टनरशिप समझौते से रिसर्च और डेवलपमेंट को नई दिशा मिली है। सेमीकॉन इंडिया कॉन्फ्रेंस में सिंगापुर की कंपनियां सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। चेन्नई में सिंगापुर के सहयोग से नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर स्किलिंग स्थापित किया जाएगा। दोनों देशों ने एआई, क्वांटम और डिजिटल टेक्नोलॉजी में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है।

### ग्रीन व डिजिटल कॉरिडोर समझौता

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ग्रीन और डिजिटल कॉरिडोर को लेकर हुआ समझौता मैरिटाइम सेक्टर में ग्रीन फ्यूल सप्लाई चेन और डिजिटल पोर्ट क्लियरेंस को गति देगा।

## भारतीय नागरिकता लेने से पहले सोनिया गांधी का नाम वोटर लिस्ट में, अदालत ने 10 सितंबर तक टाली सुनवाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के खिलाफ वोटर लिस्ट में नाम दर्ज होने को लेकर दिल्ली की एक अदालत में याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता विकास त्रिपाठी ने आरोप लगाया है कि सोनिया गांधी का नाम भारत की नागरिकता लेने से पहले ही मतदाता सूची में दर्ज कर लिया गया था। दायर याचिका में कहा गया है कि सोनिया गांधी ने 30 अप्रैल 1983 को भारतीय नागरिकता ग्रहण की थी, लेकिन 1980 में उनका नाम नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की वोटर लिस्ट में शामिल था। बाद में 1982 में नाम हटाया गया और 1983 में नागरिकता प्राप्त करने के बाद फिर से शामिल किया गया। शिकायतकर्ता की ओर से अदालत में पेश हुए वकील पवन नारंग ने तर्क दिया कि 1980 में नाम शामिल करते समय चुनाव आयोग को कौन से दस्तावेज प्रस्तुत किए गए थे, यह जांच का विषय है।

## GST की दरों में कटौती का बिहार चुनाव में होगा फायदा?

### विपक्ष के महंगाई वाले दावे की काट



बिहार में जीएसटी दरों में कटौती को लेकर सियासी घमासान मचा है. राज्य में चुनाव से ठीक पहले केंद्र सरकार के इस फैसले का जहां एनडीए गठबंधन स्वागत कर रहा है, वहीं विपक्ष ने इसके समय पर सवाल उठाए हैं. एनडीए का कहना है कि यह कदम अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, जबकि विपक्ष इसे चुनावी फायदा उठाने की कोशिश बता रहा है. देश में वस्तु एवं सेवा कर (GST) की दरों में कटौती को लेकर अब बिहार में भी सियासत गरमा गई है. राज्य में चुनाव से पहले जिस तरीके से केंद्र सरकार ने जीएसटी की दरों में कटौती की है उसको लेकर पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं बिहार में एक तरफ जहां एनडीए गठबंधन इसका स्वागत कर रहा है और दावा कर रहा है कि इससे आने वाले समय में देश की अर्थव्यवस्था और ज्यादा मजबूत होगी।

### चिदंबरम ने किया रिएक्ट

चिदंबरम ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट से कहीं ना कहीं इस ओर इशारा किया कि बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में फायदे के दृष्टि से ही केंद्र सरकार ने जीएसटी की दरों में कटौती की है ऐसे में लेकिन सवाल खड़ा होता है कि क्या वाकई जीएसटी की दरों में कटौती का फायदा बिहार में एनडीए को मिल सकता है ? केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने 'आज तक' से बातचीत करते हुए एक तरफ जहां जीएसटी की दरों में कटौती का स्वागत किया ।

### विपक्ष का महंगाई वाला दावा

विपक्ष लगातार इस बात का आरोप लगाते रहता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में महंगाई और ज्यादा बढ़ गई है चाहे वह खाने पीने की चीज हो या फिर गैस सिलेंडर के बढ़े हुए दाम, इन सब मुद्दों को लेकर विपक्ष लगातार महंगाई का मुद्दा उठाते रहता है। मगर जीएसटी की दरों में कटौती के बाद चीजें सस्ती होगी और माना जा रहा है कि केंद्र सरकार अपने इस कदम के जरिए विपक्ष के महंगाई वाले दावे को धराशाई कर सकती है।

### और भी कई योजनाएं

बिहार चुनाव से पहले नीतीश कुमार सरकार ने वैसे भी आम जनता के लिए अपना खजाना खोल दिया है। चाहे वह सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 से बढ़कर 1100 करने का मामला हो या फिर हाल में ही सरकार का महिला रोजगार योजना 2025 की शुरूआत करना, जहां महिलाओं को छोटा व्यवसाय शुरू करने के लिए 10000 की आर्थिक मदद की जाएगी। इसके बाद चाहे 125 यूनिट बिजली फ्री करने का मामला हो या फिर बिहार में डोमिसाइल नीति लागू करने का।

**स्वच्छता हमारी आदत, परंपरा, दिनचर्या और संस्कारों में सदियों से है शामिल**

## स्वच्छता से खुलता है समृद्धि का द्वार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### स्वच्छता कर्मवीरों का सम्मान कर उनके साथ किया भोजन

- 50 इलेक्ट्रिक एसी बसों का किया लोकार्पण
- इंदौर को दी विकास की अनेक सौगातें




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वच्छता से समृद्धि आती है। स्वच्छता हमारी परंपरा, दिनचर्या और संस्कारों में सदियों से शामिल रही है, किंतु समय के साथ हम इसे भूलते गए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इन आदतों और संस्कारों को पुनर्जीवित कर स्वच्छता को जन आंदोलन का रूप दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को इंदौर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता कर्मवीरों के सम्मान और सहभोज कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में इंदौर ने लगातार आठ बार प्रथम स्थान प्राप्त कर देश में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके लिए इंदौर के सभी 36 लाख नागरिक और विशेष रूप से स्वच्छता कर्मवीर बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर ने स्वच्छता के क्षेत्र में विश्वस्तरीय पहचान बनाई है। यह उपलब्धि टीम भावना, नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और सफाईकर्मियों की अथक मेहनत से संभव हुई है।

### रणजीत हनुमान मंदिर के पुनर्विकास कार्यों का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के प्रसिद्ध श्री रणजीत हनुमान मंदिर के पुनर्विकास कार्यों का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वर्चुअली भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि रणजीत हनुमान मंदिर प्राचीन मंदिर है। इस मंदिर से हमें हर क्षेत्र में रण जीतने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर मंदिर के विकास के संबंध में तैयार प्रेजेंटेशन भी दिखाया गया। इस मंदिर के पुनर्विकास पर 7 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। भक्तों के लिए अनेक सुविधाएं जुटाई जाएंगी। इस राशि से भव्य द्वार शेड एवं बाउंड्रीवॉल पाथ-वे और उद्यान विकसित करने के कार्य किए जाएंगे। मंदिर के वर्तमान स्वरूप को बरकरार रखा जाएगा। यह कार्य मंदिर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, श्रद्धालुओं की सुविधा और धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में इंदौर ने विश्व मानचित्र पर अपना नया स्थान बनाया है। इंदौर स्वच्छता में लगातार आठ बार से अव्वल है।

**ट्रंप जिनसे मिलने को तरसे**

## वही चीन के ताकतवर नेता मोदी के साथ दिखे



**नई दिल्ली।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के शीर्ष नेता काई ची की मुलाकात ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में हलचल मचा दी है। काई ची को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का सबसे भरोसेमंद सहयोगी और उनकी परछाई कहा जाता है। काई ची चीन की पॉलित ब्यूरो स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य हैं, जो सात लोगों का वह ताकतवर समूह है जो वास्तव में चीन को संचालित करता है।

### ट्रंप भी रहे बेताब

काई ची की ताकत का अंदाजा अमेरिका तक को है। वर्ष 2017 में जब डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बने थे, तब अमेरिका चाहता था कि शी जिनपिंग अपने भरोसेमंद सहयोगी काई ची को शपथग्रहण समारोह में भेजें, लेकिन यह संभव नहीं हो पाया।

### भारत-चीन समीकरण में नया मोड़

समिट में शी जिनपिंग ने औपचारिक वार्ता के बाद खुद काई ची को पीएम मोदी से मिलवाया। यह कदम संकेत देता है कि चीन अब भारत के साथ संबंधों को महज औपचारिकता तक सीमित नहीं रखना चाहता।

## महाराष्ट्र में ज्यादा घंटे काम करने को मजबूर होंगे प्राइवेट कर्मचारी

### सरकार ने किए बदलाव



**मुंबई।** महाराष्ट्र में निवेश के लिए कंपनियों को आकर्षित करने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने प्राइवेट नौकरी करने वाले कर्मचारियों के काम के घंटे बढ़ा दिए है। सरकार का ये निर्णय उन कर्मचारियों को परेशान करने वाला हो सकता है जो दो-दो जगह नौकरी करके अपना परिवार पालते थे। काम के घंटे बढ़े है तो दो दो नौकरी कर पाना संभवतः कठिन हो जाएगा। मजे की बात ये है कि कर्मचारियों के वेतन, सुरक्षा अन्य सुविधाओं को कोई पुख्ता गारंटी नहीं है। महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने बुधवार को निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए अधिकतम दैनिक कार्य अवधि को मौजूदा नौ घंटे से बढ़ाकर 10 घंटे करने के लिए कानूनों में संशोधन को मंजूरी दी। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस कदम का उद्देश्य निवेश आकर्षित करना।

**उपराष्ट्रपति चुनावः बीजेपी सक्रिय**


## 6 सितंबर को सभी सांसदों को दिल्ली बुलाया

- 7 सितंबर को सुबह से देर शाम तक पार्टी कार्यशाला में शामिल होने के दिए निर्देश



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव में अब कुछ दिन ही बचे हैं और बीजेपी ने अपने सभी सांसदों को पत्र जारी कर 6 सितंबर तक दिल्ली आने के निर्देश दिए हैं। उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान 9 सितंबर को होगा। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सभी पार्टी सांसदों को 6 सितंबर को अपने आवास पर रात्रिभोज के लिए आमंत्रित किया है। 7 सितंबर को सांसदों को सुबह 9 बजे से देर शाम तक आयोजित पार्टी कार्यशाला में शामिल होने का निर्देश दिया है। यह कार्यशाला 8 सितंबर को संसद परिसर स्थित जीएमसी बालयोगी सभागार में दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी। उसी शाम पीएम मोदी अपने आवास पर एनडीए के सभी सांसदों के लिए रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। 9 सितंबर को लोकसभा और राज्यसभा दोनों के सदस्य भारत के अगले उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए मतदान करेंगे।

## पंजाब में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने किया बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा



**अमृतसर।** पंजाब में लगातार भारी बारिश और बाढ़ ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। गुरुवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अमृतसर के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों और ग्रामीणों से मुलाकात की तथा खेतों में खड़ी फसलों को हुए नुकसान का निरीक्षण किया। केंद्रीय मंत्री चौहान ने अमृतसर के अलावा कपूरथला और गुरदासपुर जिलों का भी दौरा किया और देर शाम अमृतसर में अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक करने पहुंचे हैं। गौरतलब है कि शिवराज सिंह ने बुधवार को मीडिया से कहा था, कि केंद्र सरकार हालात पर लगातार नजर रख रही है। राज्य सरकार के साथ मिलकर हर संभव मदद दी जाएगी। प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार इस संकट की घड़ी में जनता के साथ खड़े हैं।

### फसलों और गांवों पर बाढ़ का असर

अब तक 1.75 लाख हेक्टेयर भूमि बाढ़ से प्रभावित। गुरदासपुर सबसे प्रभावित जिला (40,169 हेक्टेयर कृषि भूमि डूबी)। मानसा (24,967 हेक्टेयर), फाजिल्का (17,786 हेक्टेयर), संगरूर (6,560 हेक्टेयर), कपूरथला (3,000 हेक्टेयर) की फसलें जलमग्न। राज्य सरकार के अनुसार 1,655 गांव बाढ़ की चपेट में आए। इसके साथ ही अब तक 37 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है।

## करमा पूजा के दौरान हुआ हादसा, 3 किशोरियों समेत 4 की मौत

**नवादा।** बिहार के नवादा जिले में करमा पूजा के दौरान बड़ा हादसा हो गया। बुधवार को पकरीबरावां थाना क्षेत्र के दतरौला गांव में तालाब में स्नान करने गईं तीन किशोरियों और एक महिला की डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया। मृतकों में पंचायत समिति सदस्य कृष्ण पासवान की बेटियां अनामिका कुमारी (12) और पूजा कुमारी (18), इसी परिवार के शंभु पासवान की पत्नी ज्योति देवी (28) और उनकी बेटी खुशबू कुमारी (11) शामिल हैं। इसके अलावा राजेंद्र पासवान की बेटी प्रियंका कुमारी को गंभीर हालत में नवादा रेफर किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) निशु मलिक ने मीडिया को बताया कि पूजा-अर्चना के लिए तालाब में स्नान करने के दौरान गहराई का अंदाजा न लग पाने से यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से सभी शवों को बाहर निकाला गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिला प्रशासन ने आवश्यक कानूनी व प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी करने की बात कही है। उल्लेखनीय है कि बिहार, झारखंड और आसपास के राज्यों में करमा पूजा बड़े उत्साह और पारंपरिक आस्था के साथ मनाई जाती है, जिसे उर्वरता, समृद्धि और भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक माना जाता है।

**बिहार बंद के दौरान सड़कों पर जलाए टायर**

## झंडों के साथ विरोध प्रदर्शन करती नजर आईं महिलाएं

### इमरजेंसी सेवाएं नहीं हुई बाधित




**पटना।** पीएम मोदी और उनकी मां पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के खिलाफ एनडीए सड़कों पर उतर आया है। घटना के विरोध में एनडीए ने गुरुवार को बिहार बंद बुलाया है। सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक बंद का ऐलान किया गया। शहरों में एनडीए कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि इस दौरान इमरजेंसी सेवाओं को बाधित नहीं किया गया। बिहार बीजेपी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि कुछ दिन पहले इंडिया गठबंधन के मंच से पीएम मोदी की दिवंगत मां को गाली दी गई थी। गुरुवार को एनडीए ने इसके विरोध में पांच घंटे का बिहार बंद बुलाया। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। वहीं बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह बहुत ही शर्मनाक है कि पीएम मोदी की दिवंगत मां को गाली दी गई और आज तक माफी नहीं मांगी गई। मैं राहुल गांधी और तेजस्वी यादव से कहना चाहता हूं कि अगर हमारी पार्टी का कोई नेता ऐसी भाषा का इस्तेमाल करता तो हम उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते... हम इसकी निंदा करते हैं। बीजेपी विधायक संजय मयूख ने कहा कि बिहार की माताएं और बहनें एनडीए की ओर से बुलाए गए बंद में हिस्सा ले रही हैं। महागठबंधन के कार्यक्रम में पीएम मोदी की दिवंगत मां के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर आप भाग नहीं सकते। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को बिहार की जनता करारा जवाब देगी। गयाजी में भी बड़ी संख्या में महिलाएं बीजेपी के झंडों के साथ सड़कों पर बैठकर प्रदर्शन करती नजर आईं। पटना के दानापुर समेत कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों को टायर जलाकर विरोध किया। बीजेपी ने इस बंद की कमान महिला मोर्चा को सौंपी। पटना में बड़ी संख्या में महिलाएं सड़कों पर बैठकर प्रदर्शन करती नजर आईं। बिहार बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने अन्य सहयोगी दलों के प्रदेश अध्यक्षों के साथ संयुक्त ऐलान किया था। खास बात यह है कि पार्टी ने इस बंद की कमान महिला मोर्चा को सौंपी। एनडीए नेताओं का कहना है कि पीएम मोदी की मां को गाली देकर उनका अपमान किया गया है और इस तरह के व्यवहार का कड़ा विरोध किया जाएगा। एनडीए के बिहार बंद को लेकर विपक्षी दलों ने भी सियासी हमले शुरू कर दिए हैं। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम मोदी विदेश में हंसते रहे और भारत लौटते ही रोने लगे। उन्होंने तंज कसा कि सरकार के लोग ही बिहार बंद करा रहे हैं।

## रनवे पर एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान से टकराई चील

### फ्लाइट हुई रद्द

**विजयवाड़ा।** गुरुवार 4 सितंबर को विजयवाड़ा से बेंगलुरु जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान उस समय रद्द करनी पड़ गई जबकि टेक ऑफ से ठीक पहले रनवे पर विमान के अगले हिस्से से एक चील टकरा गई। एयरलाइन अधिकारियों ने बताया कि यह घटना उड़ान भरने से पहले हुई, जिसके चलते यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फ्लाइट रद्द कर दी गई। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने विमान के सभी यात्रियों के लिए तुरंत ही वैकल्पिक उड़ानों की व्यवस्था की और असुविधा होने पर खेद जताया है। एयरलाइन ने कहा कि जमीनी परिचालन के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

### पिछले दिनों भी सामने आईं चुनौतियाँ

गौरतलब है कि गत 3 सितंबर को तिरुचिरापल्ली से उड़ान भरने वाले एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में तकनीकी खराबी आ गई थी। इसी प्रकार 31 अगस्त को दिल्ली-इंदौर एअर इंडिया की उड़ान टेक ऑफ के बाद इंजन में आग लगने की आशंका पर वापस लौटा ली गई थी। पायलटों ने सतर्कता दिखाते हुए बिना आपातकालीन घोषणा किए विमान को सुरक्षित उतार लिया था। विशेषज्ञों की राय है कि पक्षियों से विमान का टकराना (बर्ड हिट) भारतीय हवाई अड्डों पर लगातार एक चुनौती बनी हुई है।

# अधीक्षक भू-अभिलेख और सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख के पद हुए मर्ज

## नायब तहसीलदार और तहसीलदार के 2278 पद होंगे, तेजी से निबटेंगे राजस्व कोर्ट केस



**भोपाल।** मप्र में रेवेन्यू कोर्ट और अन्य मजिस्ट्रियल कार्यों के लिए राजस्व विभाग के पास अब 2278 अधिकारी हो गए। 3 जून को पचमढ़ी में हुई कैबिनेट बैठक में इसका फैसला लिया गया था। जिस पर अब राजस्व विभाग ने आदेश किए हैं। दरअसल, सरकार ने अधीक्षक भू-अभिलेख, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, तहसीलदार और नायब तहसीलदार के पदों को आपस में मर्ज कर दिया है। इस व्यवस्था के अंतर्गत अब अधीक्षक भू-अभिलेख (एसएलआर) और सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख (एएसएलआर) के पदों पर काम करने वाले अफसरों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के पॉवर मिल जाएंगे। इसका फायदा यह होगा कि राजस्व न्यायालयों में पेंडिंग मामलों के निराकरण में तेजी आ सकेगी। पिछले माह राजस्व अधिकारी संघ और अधीक्षक भू-अभिलेख संघ ने प्रदर्शन किया था। इसके बाद संघ और अधिकारियों के बीच बैठक हुई। अब यह आदेश जारी किया है। राजस्व अधिकारी संघ जिसमें तहसीलदार और नायब तहसीलदार शामिल रहते हैं। उन्होंने गैर न्यायालयीन काम और न्यायालयीन काम के लिए तहसीलदारों की संख्या स्थिर किए जाने का विरोध किया था। इसके बाद राजस्व विभाग ने गैर न्यायिक शब्दावली को विलोपित करने के आदेश जारी किए थे। इसके साथ ही पदों के मर्जर को लेकर कैबिनेट के फैसले के आधार पर जल्द आदेश जारी करने की मांग की गई थी।

### ऐसा होगा तहसीलदारों का नया सेटअप


*राजस्व विभाग के जारी आदेश में कहा है कि प्रदेश में अधीक्षक भू-अभिलेख के 144 पद और तहसीलदार के 610 पद मंजूर हैं। दोनों पद कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा के अंतर्गत समान वेतनमान वाले हैं। इन पदों का आपस में समायोजन हो जाने के बाद अब तहसीलदार के कुल 754 पद हो जाएंगे। अधीक्षक भू-अभिलेख जिनका नया नाम तहसीलदार होगा, इस पद से डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदोन्नति के लिए पूर्व में तय सीनियरिटी के आधार पर अपनाई गई प्रोसेस का पालन तब तक किया जाता रहेगा जब तक यह पूरा कैडर रिटायरमेंट या अन्य कारणों से पूरी तरह रिक्त नहीं हो जाता है। अधीक्षक भू-अभिलेख कैडर के पदों पर केवल नायब तहसीलदार के रूप में पदस्थ सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख की ही पदोन्नति की जा सकेगी। यह कैडर तब तक अस्तित्व में रहेगा जब तक कि पूरे कैडर यानी अधीक्षक भू-अभिलेख और सहायक अधीक्षक भू -अभिलेख के रूप में पदस्थ अधिकारी रिटायर नहीं हो जाएंगे। दोनों ही समान कैडर के पदों को मर्ज किए जाने के पाद भू-अभिलेख कैडर के वजूद में रहने तक अधीक्षक भू-अभिलेख और तहसीलदार कैडर की अलग-अलग पदक्रम सूची बनाई जाएगी।*

### एएसएलआर और नायब तहसीलदार के लिए ऐसी होगी व्यवस्था

*इसी तरह सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख और नायब तहसीलदार कैडर को पदों के समायोजन को लेकर भी मंजूरी दी गई है। प्रदेश में सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख के 282 और नायब तहसीलदार के 1242 पद स्वीकृत हैं। दोनों ही पद कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा के अंतर्गत समान वेतनमान वाले पद हैं। इसलिए दोनों ही पदों को आपस में मर्ज कर दिया है। इसके बाद प्रदेश में नायब तहसीलदार कैडर के कुल 1524 पद हो जाएंगे। अधीक्षक भू-अभिलेख (तहसीलदार) कैडर के पदों पर केवल नायब तहसीलदार के रूप में पदस्थ सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को ही पदोन्नति दी जाएगी। यह क्रम तब तक चलता रहेगा जब तक कि इस कैडर के सभी अधिकारी रिटायर नहीं हो जाते। सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख कैडर में सीधी भर्ती के स्वीकृत पदों पर अब कोई नई भर्ती नहीं की जाएगी। सीधी भर्ती के रिक्त पद जैसे जैसे खाली होते जाएंगे उन पदों को नायब तहसीलदार के स्वीकृत पदों के साथ जोडकर नई भर्ती नायब तहसीलदार के रूप में की जाएगी। सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख के प्रमोशन के लिए मंजूर पदों पर राजस्व निरीक्षक के पद से प्रमोशन की कार्यवाही पहले की तरह नायब तहसीलदार और सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख दोनों ही पदों पर पदोन्नति के लिए तय प्रतिशत के अनुसार की जाएगी। यह प्रक्रिया तब तक चलेगी जब तक वर्तमान में पदस्थ सभी राजस्व निरीक्षक की पदोन्नति नहीं हो जाती। नई भर्ती के अंतर्गत राजस्व निरीक्षकों के प्रमोशन की कार्यवाही नायब तहसीलदार भर्ती नियम 2011 के अनुसार की जाएगी।*

# प्रदेशभर में पकड़े जाएंगे लाल मुंह वाले बंदर

## वन विभाग ने कलेक्टरों और सीईओ को जारी किए निर्देश



**भोपाल।** प्रदेश में अब लाल मुंह वाले बंदरों को पकड़ा जाएगा। वन विभाग ने इसको लेकर सभी कलेक्टरों और सीईओ को निर्देश जारी कर इस तरह के मामलों में कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। वन विभाग ने कहा है कि जिन जिलों में लाल मुंह वाले बंदर आम लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहे हैं वहां उनको पकडने के लिए सभी नगर निगम और स्थानीय निकाय, ग्राम पंचायत, ट्रेंड संस्थाओं के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही की जा सकती है। कलेक्टरों को भेजे पत्र में कहा है कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर बंदर पकडने से संबंधित शिकायतों के मामले आए हैं। जानकारी में आया है कि कुछ जिलों में आमजन को घायल करने और घरों से भोजन सामग्री उठाने की घटनाएं हुई हैं। सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से नागरिकों द्वारा ऐसे मामलों में बंदरों को पकडने की शिकायत दर्ज की जाती है। पहले वन विभाग बंदरों को पकड़ता था। लेकिन, 2022 में वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 में किए गए संशोधन के बाद लाल मुंह के बंदर को अधिनियम की अनुसूची से बाहर कर दिया है। जिसके कारण अब वन विभाग को लाल मुंह वाले बंदरों को पकडने का अधिकार नहीं है। वन विभाग के उपसचिव के पत्र के अनुसार इन हालातों में स्थानीय निकाय, ग्राम पंचायत, नगर निगम के माध्यम से आतंक फैलाने वाले लाल मुंह के बंदरों को पकडने के लिए कार्यवाही की जा सकती है। इसके लिए वन विभाग से अनुमति लेने की आवश्यकता भी नहीं है। इसके लिए प्रशिक्षण संस्थाओं की भी मदद ली जा सकती है। इसलिए जहां भी इस तरह की दिक्कत सामने आ रही है वहां के स्थानीय निकाय, ग्राम पंचायत, ट्रेंड संस्था के माध्यम से बंदरों को पकडने की कार्यवाही कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी करा सकते हैं।

# अवैध उत्खनन व परिवहन पर केवल जुमार्ना वसूल रहा विभाग

## एक साल में 10,956 मामले दर्ज किए गए



**भोपाल।** मप्र में पिछले एक साल में अवैध उत्खनन व परिवहन के 10,956 मामले दर्ज किए गए। इन पर केवल जुमार्ने की ही कार्रवाई की गई, जबकि अवैध उत्खनन के गंभीर मामलों में सजा का भी प्रविधान है। कई बार उत्खननकर्ता खनिज अधिकारियों या उत्खनन रोकने आए अमले पर जानलेवा हमला करते हैं। विगत वर्ष में भिंड में उत्खनन रोकने गए प्रशिक्षु पुलिस अधिकारी की मौत तक हो चुकी है। मप्र में अवैध उत्खनन के 1565, अवैध परिवहन के 8540 और अवैध भंडारण के 851 मामले दर्ज किए गए। इनसे 83 करोड़ 74 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला गया। अप्रैल 2024 से अब तक दर्ज मामलों में यह स्थिति है। होगी रेत जब्ती की कार्रवाई मप्र में 728 रेत खदानें वैध हैं, तो 200 से अधिक अवैध रेत खदानें भी संचालित हो रही हैं। भोपाल, ग्वालियर, रीवा, सीधी, छतरपुर से शिकायतें मिली हैं कि ठेकेदारों ने अवैध रेत और अनुमति से ज्यादा रेत का भंडार किया है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर जहां ज्यादा रेत का भंडारण होगा, वहां रेत जब्त करने के साथ खिलाफ कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर चलाया था अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जून 2024 में कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद अभियान चलाकर देवास, सीहोर, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, खरगोन, हरदा एवं शहडोल सहित प्रदेशभर में अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण तथा ओवरलोडिंग के कुल लगभग 200 प्रकरण दर्ज कर डंपर, पोकलेन मशीन, पनडुब्बी इत्यादि जब्त करने के साथ 1.25 करोड़ रुपये का अर्थदंड लगाया गया।

# पीएचई ने 141 इंजीनियरों को दिया नोटिस

## जल जीवन मिशन में गड़बड़ी, कागजों पर तैयार की गई डीपीआर

**ऐसे मामलों में विभागीय स्तर पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। दरअसल, केंद्र सरकार ने बढ़ी हुई लागत को मंजूरी देने से इनकार कर दिया था।**




**भोपाल।** प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) ने उन 141 इंजीनियरों को नोटिस जारी किए हैं, जिन्होंने बिना फील्ड विजिट और साइट निरीक्षण किए बंद कमरों में बैठकर योजनाओं की डीपीआर तैयार की। इन इंजीनियरों पर यह आरोप है कि इन्होंने कागजों पर योजनाओं के आकलन में भारी गड़बड़ी की, जिसके चलते योजनाओं की लागत बेवजह बढ़ गई। जांच में पाया गया कि संबंधित इंजीनियरों ने न तो गांवों का दौरा किया और न ही स्थलीय स्थिति का आकलन किया। पूरी डीपीआर केवल कागजों पर तैयार की गई। इसी आधार पर विभाग ने 141 इंजीनियरों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। नोटिस उन इंजीनियरों को भी भेजे गए हैं, जो अब रिटायर हो चुके हैं। ऐसे मामलों में विभागी स्तर पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है दरअसल, केंद्र सरकार ने बढ़ी हुई लागत क मंजूरी देने से इनकार कर दिया था। इसके बा प्रदेश सरकार ने अतिरिक्त 2,813 करोड़ रुप खर्च करने की स्वीकृति दी, ताकि करीब सा लाख घरों तक नल से जल पहुंचाने का लक्ष प्रभावित न हो। 19 हजार योजनाओं में से 8,35 में गड़बड़ी प्रदेश में जल जीवन मिशन के तह 19,000 से अधिक योजनाओं का प्रस्ताव तैया किया गया था। जांच में सामने आया कि इनमें 8,358 योजनाओं का आकलन गलत किया गया डीपीआर में खर्च का अनुमान वास्तविकता से मे नहीं खा रहा था। अब राज्य सरकार ने कैबिनेट प्रस्ताव लाकर अतिरिक्त राशि वहन करने क मंजूरी दी है।

# खराब परफार्मेंस वाले अफसरों को बदलेगी सरकार

## कलेक्टरों और एसपी की परफार्मेंस रिपोर्ट तैयार



**भोपाल।** मप्र में सरकार नए सिरे से मैदानी अफसरों की पदस्थापना करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए कलेक्टरों और पलिस अधीक्षकों की परफार्मेंस रिपोर्ट तैयार करवाई गई है। सूत्रों का कहना है कि जिन अफसरों की परफार्मेंस खराब है उन्हें हटाया जाएगा और उनकी जगह युवा अफसरों को पदस्थ किया जाएगा। उच्च स्तर पर हुई बैठकों में यह तय किया गया है कि नए और युवा अधिकारियों को जिम्मेदारी देकर प्रशासनिक व्यवस्था में नई ऊर्जा लाई जाए। सूत्रों का कहना है कि प्रदर्शन और कार्यकुशलता को देखते हुए अधिकारियों की पदस्थापना होगी। गौरतलब है कि करीब 7 महीने पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अफसरों से रिजल्ट ओरिएंटेड कार्यशैली अपनाने की अपील की थी ।दरअसल, सरकार का फोकस इस बात पर है कि आगामी चुनाव तक प्रदेश में विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाए। इसके लिए सरकार फील्ड में रिजल्ट ओरिएंटेड अफसरों को तैनात करना चाहती है। इसके लिए सरकार जल्द ही बड़े स्तर पर अधिकारियों को इधर-उधर करने की तैयारी में है। इसमें युवा अधिकारियों को नई जिम्मेदारी और खराब परफार्मेंस वाले कलेक्टरों को हटाने की तैयारी है।

# बिना आईडी कार्ड साइबर कैफे में नो एंट्री

## पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश



**भोपाल।** बदलते दौर में सामुदायिक सद्भाव और शांति व्यवस्था को भंग करने के लिए असमाजिक तत्व इंटरनेट मीडिया का सहारा ले रहे हैं। इनके द्वारा फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर निरंतर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की जाती है। लेकिन अब राजधानी भोपाल में ऐसे असमाजिक तत्वों पर लगाम लगाने की तैयारी की जा रही है। इसको लेकर भोपाल पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जिससे समाज में आपसी टकराव को रोका जा सके। पुलिस आयुक्त के आदेश में साइबर कैफे को लेकर भी एडवाइजरी जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि भोपाल शहर की सीमा में साइबर कैफे का इस्तेमाल करने के लिए कैफे के मालिक को वैध आईडी कार्ड दिखाना पड़ेगा। तब ही संबंधित व्यक्ति इंटरनेट कैफे का इस्तेमाल कर सकेगा। साइबर कैफे पर आने वाले सभी ग्राहकों की जानकारी एक रजिस्टर में रखनी पड़ेगी। इसमें ग्राहकों के नाम और पते के साथ उनके मोबाइल नंबर की जानकारी भी होगी। यदि साइबर कैफे संचालक इस नियम को नहीं मानता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साइबर कैफे में वेब कैमरा भी लगवाना पड़ेगा, जिससे ग्राहाकों की आसानी से पहचान की जा सके। दो महीने तक लागू रहेगा आदेश बता दें कि, यह आदेश पुलिस आयुक्त ने केवल दो महीनों के लिए लागू किया है। इस आदेश अथवा इस अवधि में आदेश के किसी अंश का उल्लंघन करना यथास्थिति अन्य अधिनियमों के साथ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। यह आदेश जन सामान्य के जानमाल की सुरक्षा तथा भविष्य में लोकशांति भंग होने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है। तथा इतना समय उपलब्ध नहीं है कि जन सामान्य व इससे सम्बंधित सभी पक्षों को उक्त सूचना की तामीली की जा सके। आदेश से व्यथित व्यक्ति भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अंतर्गत अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा। अत्यंत विशेष परिस्थितियों में अधोहस्ताक्षर कर्ता संतुष्ट होने पर आवेदक को किसी भी लागू शर्तों से छूट दे सकेगा। पुलिस आयुक्त के आदेश में यह भी लिखा कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म जैसे-फेसबुक, व्हाट्सएप, एक्स, इंस्टाग्राम, हाईक, एसएमएस टेलीग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया साइट आदि का दुरुपयोग कर धार्मिक, सामाजिक, जातिगत भावनाओं एवं विद्वेष को भडकाने के लिए किसी भी प्रकार के संदेशों का प्रसारण नहीं करेगा।

# इटारसी होकर चलेगी तीन जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेनें

## विशेष किराए के साथ आरक्षण शुरू, यात्रियों को मिलेगी राहत



**भोपाल।** रेलवे प्रबंधन ने दशहरा-दीवाली पर यात्रियों की भीड़ कम करने विशेष किराये के साथ तीन पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेनें पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल के इटारसी, जबलपुर होकर गुजरेगी। गाड़ी संख्या 05561 रक्सौल-वटवा वीकली 16 सितंबर से 30 दिसंबर प्रत्येक मंगलवार को 11.20 बजे रक्सौल से प्रस्थान कर रात 20 बजे वटवा पहुंचेगी। वापसी में 05562 वटवा-रक्सौल वीकली 17 सितंबर से 31 दिसंबर तक प्रत्येक बुधवार को रात्रि 23.30 बजे वटवा स्टेशन से प्रस्थान कर तीसरे दिन सायं 16 बजे रक्सौल पहुंचेगी। इसी तरह 27 सितंबर से 29 नवंबर तक 03213 दानापुर से प्रत्येक शनिवार को रात 21 बजे प्रस्थान कर तीसरे दि 04.15 बजे हडपसर पहुंचेगी वापसी में 29 सितंबर से 01 दिसंब तक प्रत्येक सोमवार को 0321 हडपसर से सुबह 06.45 ब प्रस्थान कर अगले दिन रात 19.4 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी तरह 2 सितंबर से 1 नवंबर तक 0532 गोमती नगर से प्रत्येक शनिवार क मध्यरात्रि 00.15 बजे प्रस्थान क अगले दिन सुबह 05.50 ब एलटीटी पहुंचेगी।

# मछली परिवार के भाजपा कनेक्शन को लेकर कॉग्रेंस फिर हुई हमलावर

***भोपाल।*** *एमडी ड्रग्स, अवैध कब्जे, मारपीट, अड़ीबाजी, दुष्कर्म सहित अन्य धर्म की युवतियों पर धर्मांतरण के लिये दबाव बनाने के मामलो में बुरी तरह फंसे मछली परिवार को बचाने के लिए दिल्ली में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी)के सदस्य प्रियंक कानूनगो के घर पहुंचे जैनेन्द्र पाठक को लेकर पूर्व मंत्री और कांग्रेस के सीनियर लीडर कमलेश्वर पटेल ने भाजपा नेताओ पर हमला कर चौकांने वाले खुलासे किये है। इसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर जैनेन्द्र पाठक की बीजेपी के दिग्गज नेताओं के साथ तस्वीरें शेयर कर भाजपा नेताओ पर हमला बोला है। कमलेश्वर ने पाठक की केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ जैनेन्द्र पाठक की फोटो शेयर की हैं। अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा है की मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो जी ने ट्वीट किया कि मध्य प्रदेश निवासी जैनेंद्र पाठक उनसे मिलने उनके दिल्ली आवास पर पहुंचा और ड्रग्स, रेप, लव जिहाद जैसे गंभीर आरोपों में फंसे ह्यमछलीह्न को छोड़ देने की सिफारिश कर रहा था। कमलेश्वर ने आगे लिखा- जैनेंद्र पाठक की पूरे देश में भाजपा नेताओं के साथ गहरी नजदीकी है। गृह मंत्री अमित शाह से लेकर असम, मध्य प्रदेश और दिल्ली के मुख्यमंत्रियों तक के साथ उनकी तस्वीरें मौजूद हैं। भाजपा नेताओ का करीबी मानवाधिकार आयोग में मिठाई और सिफारिशें लेकर कुख्यात आरोपी मछली को बचाने पहुंचता है। क्या यही है भाजपा का दोहरा चरित्र। यही नहीं वो खुद कह रहा है कि मछली उसका बिजनेस पार्टनर भी है।*

# जीएसटी की दरों में कमी तथा आमजन को राहत पहुंचाने पर प्रधानमंत्री और जीएसटी काउंसिल का कदम स्वागत योग्य -तोमर

**बहुत अधिक तापमान वाला (यूएचटी) दूध, पहले से पैक और लेबल वाला छेना या पनीर पर जीएसटी 5प्रति. से घटाकर शून्य कर दिया गया है; सभी भारतीय ब्रेड (चपाती, पराठा, परोटा आदि) पर भी जीएसटी हटा दिया गया है।**




**भोपाल।** आज विधान सभा में मीडिया से चर्चा करते हुए विधान सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश की 140 करोड़ आबादी के हित में, गांव, गरीब , किसान और आमजन को राहत पहुंचाने के लिए जीएसटी दरों को 4 की जगह सिर्फ 2 स्लैब में करने का अत्यंत सराहनीय और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हम सभी प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री का हृदय से धन्यवाद और आभार व्यक्त करते हैं।

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार, जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2025 को लाल किले की प्राचीर से की थी, एक ऐतिहासिक कर ढांचे के रणनीतिक, सैद्धांतिक और नागरिक-केंद्रित विकास का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो सभी नागरिकों के जीवन के स्तर को बेहतर बनाएंगे।

जहां 12 फीसदी और 28 प्रतिशत वाले टेक्स स्लैब को खत्म कर दिया गया है, वहीं 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत स्लैब्स में इन वस्तुओं को रखने से निश्चित रूप से आवश्यक वस्तुओं के दामों में कमी आएगी। वहीं, 40 फीसदी का एक नया टैक्स ढांचा बनाया गया है।

हेल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी शून्य करने का कदम ऐतिहासिक है, इससे आम आदमी स्वास्थ्य बीमा करा कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ ले सकेगा।

पनीर, छेना, टेट्रापैक दूध, रोटी, चपाती परांठा, खाकरा जैसी आम लोगों से जुड़ी खाद्य वस्तुओं, दुर्लभ बीमारियों और कैंसर की दवाओं पर कोई टैक्स नहीं लगेगा।

आम आदमी की कई वस्तुएं जैसे हेयर ऑयल, टॉयलेट सोप बार, शैंपू, टूथब्रश, टूथपेस्ट, साइकिल, टेबलवेयर, किचनवेयर, अन्य घरेलू सामान आदि पर जीएसटी 18% या 12% से घटाकर 5% कर दिया गया है।

बहुत अधिक तापमान वाला (यूएचटी) दूध, पहले से पैक और लेबल वाला छेना या पनीर पर जीएसटी 5% से घटाकर शून्य कर दिया गया है; सभी भारतीय ब्रेड (चपाती, पराठा, परोटा आदि) पर भी जीएसटी हटा दिया गया है

लगभग सभी खाद्य पदार्थों जैसे पैकेज्ड नमकीन, भुजिया, सॉस पास्ता, इंस्टेंट नूडल्स, चॉकलेट कॉफी, संरक्षित मांस, कॉर्नफ्लेक्स मक्खन, घी आदि पर जीएसट 12% या 18% से घटाकर 5% क दिया गया है।

नई जीएसटी दरों में किसानों क बहुत बड़ी राहत मिली है।कृषि वस्तुओं, मिट्टी तैयार करने या जुता के लिए ट्रैक्टर, कृषि, बागवानी य वानिकी मशीनरी, कटाई या थ्रेसिं मशीनरी, जिसमें पुआल या चार बेलर, घास काटने की मशीन कंपोस्ट मशीन आदि शामिल हैं, प जीएसटी 12% से घटाकर 5% क दिया गया है जो कि स्वागत योग्य है आमजन को इस राहत के लिए तोम ने माननीय प्रधानमंत्री और जीएसट काउंसिल को बधाई दी है।

# हाईटेक हुई सीहोर पुलिस, डॉयल 112 की नई गाडियों का श्री गणेश

## पुलिस अधिकारी और विधायक सुदेश राय ने दिखाई हरी झंडी

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** जिले में सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभालने वाली सीहोर पुलिस आज से और भी हाईटेक हो गई है। दरअसल, जिले को 24 नई डॉयल 112 गाडियां मिली थी, जिनका आज से श्री गणेश हुआ है। पुलिस महानिरीक्षक देहात जोन भोपाल अभय सिंह, उप पुलिस महानिरीक्षक ग्रामीण रेंज भोपाल ओमप्रकाश त्रिपाठी एवं विधायक सुदेश राय द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए डायल 112 के वाहनों का शहर के प्रमुख मार्गों पर फ्लैग मार्च कराया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि बीजेपी जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर तथा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत, नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा, एसडीओपी सीहोर पूजा शर्मा, डीएसपी हेमंत पांडे, रक्षित निरीक्षक उपेन्द्र यादव, कोतवाली टीआई रविन्द्र यादव, थाना प्रभारी मण्डी निरीक्षक सुनील मेहर, थाना प्रभारी महिला निरीक्षक माया सिंह एवं अन्य



अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा डायल 112 से विशाल गहलोत जिला सुपरवाइजर सीहोर एवं डायल 112 की टीम उपस्थित रही । जिले को आबंटित डॉयल 112 गाडियां - पूर्व में जिले में 20 गाडियां डॉयल 100 के रूप में संचालित की जा रही थी, जिन्हें परिवर्तन कर डायल 112 अन्तर्गत 24 गाडि?ां आज (गुरुवार) से संचालित की जा रही हैं । - जिले को कुल 24 डॉयल 112 गाडि?ां प्राप्त हुई, जिसमें 5 स्कार्पियों एन एवं 19 बुलेरो नियो मॉडल की गाडि?ां शामिल हैं। जिसमें से थाना कोतवाली-03, मण्डी-02, अहमदपुर-01, दोराहा-01, श्यामपुर-01, बिलकिसगंज-01, आष्टा-02, पार्वती-02, सिद्धिकगंज-01, जावर-01, बुदनी-02, रेहटी-01, शाहगंज-02, भैरूंदा-02, गोपालपुर-01 तथा थाना इछावर को 01 डॉयल 112 वाहन आंबटित किये गये । **डॉयल 112 गाडियों की विशेषताएं-** - नये 112 वाहनों में 02 डेश कैमरा स्थापित हैं, जिसमें 01 कैमरा गाड़ी के सामने एवं 01 कैमरा गाड़ी के अन्दर की रिकार्डिंग करेगा। पुलिस स्टाफ को वॉडी वार्न कैमरा दिया गया हैं, जो घटना को रिकार्ड करेगा। गाड़ी में स्थापित नवीन एमडीटी में उच्च स्तरीय मेपिंग की गई, जिससे समय पर घटना स्थल पर पहुंचा जा सकेगा, गाड़ी में 05 जीपीएस लोकेटर है, जिससे 5 तरीके से गाड़ी को लोकेट किया जा सकता हैं। - इसके अतिरिक्त वाहन में विभिन्न प्रकार के 45 प्रकार के उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं जो आवश्यकता पडने पर आपातकालीन स्थिति में उपयोग किये जा सकते हैं। **एक नंबर, कई सुविधाएं-** डायल 112 योजना एक इंटीगेटेड सेवा हैं, जिसके माध्यम से एक ही नम्बर 112 से कई प्रकार की सेवाये प्राप्त की जा सकेगी। इस पहल के अन्तर्गत कोई भी नागरिक मोबाइल एवं लेंडलाईन से 112 नम्बर डायल कर पुलिस (100), स्वास्थ/एम्बुलेंस (108), फायर बिग्रेड (101), महिला हेल्पलाईन (1090), सायबर क्राइम (1930), रेल मदद (139), हाईवे एक्सीडेन्ट रिस्पॉस (1099), प्राकृतिक आपदा (1079) और महिला एवं चाइल्ड हेल्पलाइन (181) (1098) जैसी सभी सेवाएड्ड एक ही नम्बर पर उपलब्ध होगी । एएसपी नोडल अधिकारी नियुक्त इस सेवा के लिए जिले की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता राव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। बता दें यह व्यवस्था जिले में सुरक्षा प्रबंधनए आपात सहायता एवं कानून.व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करेगी।

# समन्वय से एन आर सी में विशेष जागरुकता सत्र का आयोजन किया

दैनिक भेल पॉवर ■

कलेक्टर महोदय संदीप जी आर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में संकल्प हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन अंतर्गत 10 दिवसीय विशेष जागरुकता अभियान के तृतीय दिवस में स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से एन आर सी में विशेष जागरुकता सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत प्रशासक रक्षा दुबे द्वारा जेंडर संवेदीकरण जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया । पी.सी.पी.एन.डी.टी.एक्ट, एस. आर. बी. (लिंगानुपात) एवं कन्या भ्रूण हत्या जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। पी.सी.पी.एन.डी.टी.एक्ट के तहत



लिंग जांच करवाना एवं गर्भपात कराना कानून के विरुद्ध है इसके लिये सजा का प्रावधान है। इस प्रकार भूण रूप में ही कन्या की हत्या करना कानूनी जुर्म है। इसलिये इन्हे रोकना अनिवार्य है ताकि लोग जन्म के समय लिंग भेद भाव से दूर होकर आने वाले बच्चे के प्रति सन्मान के भाव रखें। स्त्री और पुरुष दोनों ही मिलकर सृष्टि का निर्माण करते हैं। इसलिये इसका अनुपात सही होने पर किसी प्रकार की कोई अराजकता नहीं फैलेगी यही संदेश उपस्थित प्रतिभागी अपने परिवार और समाज तक पहुंचायेगे। इसके अलावा स्वच्छता की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया गया। साथ ही हब अर्गत दी जाने वाली सहायताओं एवं 112 हेल्पलाइन के उपयोग के बारे में बताया। तत्पश्चात वन स्टॉप सेन्टर केसर्वकर द्वारा 181 महिला हेल्पलाईन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली सहायताओं के बारे में बताया।

# भगवान श्री गणेश की भक्ति में जिलाअध्यक्ष श्याम तिवारी ने बजाई ढोलक महिला मोर्चा ने गाए भजन

दैनिक भेल पॉवर ■

**सागर।** श्री गणेशोत्सव में धर्म श्री स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में विराजमान भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना पूर्ण भक्ति भाव के साथ निरंतर जारी है। भाजपा नेताओं के अलावा आसपास के श्रद्धालुजन भी कार्यालय में आयोजित नित्य आरती व धार्मिक आयोजन में शामिल होते है। बुधवार को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा संभागीय भाजपा कार्यालय में भजनों के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं भगवान जी गणेश के मंत्रमुग्ध करने वाले मधुर भजन गाए जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने ढोलकिया बजाई और महिलाओं का उत्साह वर्धन किया। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन



ने बताया किया भजन कार्यक्रम उपरांत संध्याकालीन आरती में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी,सांसद डॉ.लता वानखेड़े,महापौर संगीता तिवारी,लीगल राइट्स काउंसिल इंडिया की प्रदेशअध्यक्ष अनुश्री,सविता सिंह राजपूत,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष संध्या भार्गव शिल्पी भार्गव,एम्बेसडर मकरोनिया नगर पालिका संगीता सिंह,जनभागीदारी अध्यक्ष मनीषा मिश्रा निवेदिता रत्नाकर,ऋतु तिवारी,रचना सिरोठिया,सुषमा यादव सविता साहू,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष तृप्ति सिंह,महिला मोर्चा जिला महामंत्री नेहा जैन,संगीता सिंह,मण्डल अध्यक्ष मेघा दुबे,प्रतिभा चौबे,पार्षद याकृति जडिया संगीता जैन,स्नेह लता साहू,सुनीता रैकवार,उर्मिला सहारे,रश्मि कुशवाहा,मीरा चौबे,शारदा कोरी छाया केशरवानी,अनिता अहीरवार,श्वेता नेमा,सहित अन्य मातृशक्ति व जिला पदाधिकारी कार्यकर्ता व आमजन शामिल हुए।

# कांग्रेस-भाजपा विवाद गहराया: कांग्रेस ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच की मांग

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** भाजपा और कांग्रेस के बीच चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय के बाहर हुए हंगामे के बाद गुरुवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने भाजपा कार्यकताओं पर एफआईआर दर्ज करने और अपने कार्यकर्ता पर दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता भोपाली फाटक पर एकत्रित हुए और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसपी कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन सौंपते हुए राजीव गुजराती ने बताया कि भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उनके कार्यकर्ता के



खिलाफ मारपीट और गाली गलौज की झूठी रिपोर्ट लिखवाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकताओं को पुतला दहन के दौरान आपसी झूमाझटकी में चोंट लगी होगी। **घटनाक्रम के सबूत मौजूद-** कांग्रेस का कहना है कि यह पूरा घटनाक्रम पुलिस की मौजूदगी में हुआ, जिसके वीडियो सबूत उनके पास मौजूद हैं।

# अब नहीं बचेगा कोई माफिया पुलिस बिभाग ने किया अभियान तेज

दैनिक भेल पॉवर ■

**नरसिंहपुर।** नशे के कारोबारियों पर नरसिंहपुर पुलिस का एक और प्रहार लगभग 2 किलोग्राम अवैध गांजा जप्त एक आरोपी



गिरफ्तार थाना ठेमी पुलिस की कार्यवाही उल्लेखनीय है कि जिले में अवैध गतिविधियों एवं संगठित अपराधों पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने, अवैध कारोबार करने वालों एवं गुंडे-बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के परिपालन में जिलेभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत जिले के विभिन्न थानों में लगातार धरपकड़ की कार्यवाहियाँ की जा रही हैं। इसी क्रम में कार्यवाही करते हुए थाना ठेमी द्वारा भ्रमण के दौरान अवैध नशे के कारोबार में लिप्त आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुयी है। आरोपी : चूरामन पिता सुंदरलाल पाल, निवासी नयागाँव, थाना ठेमी। ड्र जप्ती : लगभग ?26,000/- कीमत का 01 किलो 952 ग्राम अवैध गांजा। वैधानिक कार्यवाही : धारा 8, 20 (बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में सराहनीय भूमिका:* उक्त कार्यवाही में अति. पुलिस अधीक्षक, श्री संदीप भूरिया एवं एसडीओपी, गोटेगांव श्री मनीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरी. प्रीति मिश्रा, स.उ.नि. देवसिंग पाल, प्र.आरक्षक भास्कर पटेल, कुलदीप सिंह ठाकुर, वरि.आरक्षक चंद्रप्रताप पटेल, रंजीत राजपूत, आरक्षक विजय वासुकी, सिद्धार्थ मिश्रा एवं महिला आरक्षक रंजीता राजपूत की सराहनीय भूमिका रही है।

# सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ सम्पन्न

## धमार्चार्य परसाई जी ने दी सात दिवसीय साधना की पूणार्हुति, हर दिन मांगी विशेष दक्षिणा

**हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं विधायक मोहन शर्मा ने जताया श्रद्धालुओं का आभार**

दैनिक भेल पॉवर ■

**नरसिंहगढ़।** नगर में स्टेडियम में नगर की हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में चल रहे सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महायज्ञ का सात दिवसीय आयोजन पूणार्हुति के साथ संपन्न हुआ। सातों दिन हजारो श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन 18 से 22 लाख तक शिवलिंग निर्माण कर आयोजन के सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग के निर्माण का लक्ष्य पूरा किया । पूज्य धमार्चार्य सोमेश परसाई ने विधिपूर्वक , मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक सम्पन्न कराया। उन्होंने लोगो को धर्म, भक्ति व सामाजिक जागरण का संदेश दिया। उन्होंने प्रतिदिन श्रद्धालुओं से ह्यसच्ची दक्षिणाह्व मांगी। उन्होंने कहा कि भगवान केवल आडंबर से प्रसन्न नहीं होते, बल्कि कर्म और संकल्प से ही शिव कृपा प्राप्त होती है। वही उन्होंने पूजा





में प्रदर्शन के बजाए दर्शन होने की बात कही। इस भव्य धार्मिक आयोजन के पहले दिन उन्होंने श्रद्धालुओं को शिव आराधना हर घर में दीप प्रज्वलन का संकल्प दिलाया। वही अलग- अलग दिनों में उन्होंने पौधरोपण, पर्यावरण सुरक्षा, पवित्र नदियों को प्रदूषण मुक्त रखने, भ्रूण हत्या के पाप से बचने और दान धर्म की बात कही। अपने धार्मिक संदेशो में भी उन्होने स्वच्छता सहित गोपालन की बातों पर जोर दिया इस आयोजन के दौरान निरंतर भजन, कीर्तन और प्रवचनों से नगर का वातावरण शिवमय बना रहा। अंतिम दिन हजारों श्रद्धालुओं ने सामूहिक रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से मंगलकामनाएं कीं।

**श्रद्धालुओं का जताया आभार-** वही कार्यक्रम के अंत में आयोजक नगर की हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने उपस्थित महिला पुरुष श्रद्धालुओं का कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करना धर्म का लाभ लेना एवं आयोजन में सभी शासकीय विभागों, सामाजिक संस्थाओं, सभी अलग-अलग समितियां में लगे कार्यकताओं का समय दान देने आभार जताया साथ ही उन्होंने कहा कि या आयोजन नरसिंहगढ़ क्षेत्र के जन कल्याण के लिए था हमेशा होते रहेंगे उन्होंने सभी से हाथ जोड़कर वंदना करते हुए कहा कि वह स्वयं जनता के सुख के लिए हमेशा ऐसे पुनीत कार्य करते रहेंगे। श्रद्धा ऐसीजहां जगह मिली वही किया रुद्राभिषेक-जिसको जो मिला उसने वह काम किया वही सातों दिन में श्रद्धालुओं ने प्रकृति के हर मौसम का आनंद लिया कभी-कभी तो उमस भरी गर्मी, तो कभी इंद्र देवता की कृपा हुई तो बारिश गिरने लगी लेकिन बारिश में जहां पंडाल के सबसे पीछे वाले हिस्से में घुटनों तक पानी भर गया निर्माण किए गए पार्थिव शिवलिंग पानी में डूब गए लेकिन फिर भी महिला श्रद्धालुओं ने रुद्र अभिषेक को पूर्ण किया तो वही आयोजन के अंतिम दिन जब आयोजन का पंडाल पूरी तरह भर गया था उसके बाद भी महिला श्रद्धालुओं ने आयोजन कैसे आयोजन स्थल के बाहर एक दिन पूर्व बारिश हो जाने के बाद वह कीचड़ बचा हुआ था लेकिन उसके पास साफ जगह दिखाई दी तो उन्होंने वही पार्थिव शिवलिंग बनाकर रुद्राभिषेक किया इस आयोजन में विशेष कर मौसम का प्रकोप भी श्रद्धालुओं की श्रद्धा को भी कम नहीं कर पाया तो वही इस आयोजन में 5 साल से लेकर 12 साल तक के बच्चों ने भी अपने समर्थ अनुसार श्रद्धालुओं तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण में लगने वाली मिट्टी पहुंचने का काम किया । आयोजन में सभी वर्गों के लोगों का विशेष सहयोग मिला। नरसिंहगढ़ क्षेत्र के सभी व्यापारी बंधुओ , सामाजिक संस्थाओं, मैं भी अलग-अलग तरह से भोजन से लेकर चाय पानी तक की भी व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए की।

# मातृ-शिशु मृत्यु दर घटाने के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन, दिए टिप्स

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से कलेक्टर बालागुरू केण के निर्देश पर भैरूंदा में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के



जमीनी स्तर के कर्मचारियों को इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में भैरूंदा के एसडीएम सुधीर कुशवाह और खंड चिकित्सा अधिकारी ने आशा, एएनएमए आंगनबाड़ी कार्यकताओं और अन्य विभागीय कर्मचारियों को महत्वपूर्ण जानकारी और दिशा-निर्देश दिए। इन निर्देशों में सभी गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण अनिवार्य बताया गया। साथ ही यह भी जोर दिया गया कि विवाह के समय महिला की उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकताओं को गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से आयरन और कैल्शियम की गोलियां देने, उनकी सोनोग्राफी कराने, पर्याप्त पोषण आहार सुनिश्चित करने और समय पर परामर्श देने के लिए कहा गया। इसके अलावा सभी एएनसी महिलाओं का कम से कम 4 बार चेकअप सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

# जल जीवन मिशन की धीमी गति से नाराज कलेक्टर, दिए निर्देश

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** जिले में जल जीवन मिशन के तहत चल रही पेयजल योजनाओं की धीमी रफ्तार पर कलेक्टर बालागुरू के. ने नाराजगी जताई है। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई एक बैठक में उन्होंने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि आष्टा-रानीपुरा और मर्दानपुर-नीलकंठ मल्टी विलेज स्कीमों के काम में तेजी लाई जाए और गांवों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने नलजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि योजनाओं को समय पर पूरा किया जाना जरूरी है। उन्होंने विशेष रूप से आष्टा-रानीपुरा मल्टी विलेज स्कीम के कार्यों की धीमी गति पर चिंता व्यक्त की और इसे जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने



मर्दानपुर और नीलकंठ स्कीमों के तहत आने वाले गांवों में नियमित जल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने और लंबित समस्याओं का तुरंत समाधान करने को कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि जिन गांवों में योजनाएं चालू हो चुकी हैं, वहां जल कर की वसूली भी नियमित रूप से की जाए। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. नेहा जैन सहित जल निगम के महाप्रबंधक प्रवीण कुमार सक्सेना, उप प्रबंधक मोना मिश्रा और अन्य अधिकारी व ठेकेदार प्रतिनिधि मौजूद थे।

# चरित्र और विनम्रता शिक्षा से बढकर: पंडित प्रदीप मिश्रा

## सात दिवसीय कथा का आयोजन

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** शहर के बड़ा बाजार में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपने प्रवचन में कहा कि व्यक्ति का चरित्र और विनम्रता शिक्षा से बढकर होती है। उन्होंने कहा कि सच्ची शिक्षा सिर्फ ज्ञान नहीं देती, बल्कि चरित्र का निर्माण, आत्म-अनुशासन और सहानुभूति का विकास भी करती है। अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित इस कथा के चौथे दिन पंडित मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद का उदाहरण देते हुए कहा कि विनम्रता विद्या का सबसे बड़ा फल है और यही सुख का आधार भी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें किसी की भी मदद निस्वार्थ भाव से करनी चाहिए, क्योंकि प्रतिफल की उम्मीद रखना मदद का उद्देश्य खत्म कर देता है। राजा शिवि का उदाहरण और भगवान का जन्मोत्सव पंडित मिश्रा ने



राजा शिवि की कहानी भी सुनाई, जिन्होंने एक कबूतर को बचाने के लिए बाज को अपने शरीर का मांस काटकर दे दिया था। उन्होंने कहा कि यह कहानी दया, परोपकार और वचन के प्रति निष्ठा को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ न्यायप्रिय हैं और किसी को दुखी नहीं देख सकते, इसलिए हमें दया और परोपकार का साथ कभी नहीं छोडना चाहिए। कथा के दौरानए भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जैसे ही भगवान कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई गई, पूरा पंडाल नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा।

# मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में नये सपनों की उड़ान

दैनिक भेल पॉवर ■

मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी एवं पटेल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनसे कार्यक्रम का माहौल उल्लासमय बन गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ. संजय कुमार जैन, चेयरमैन एमपी फामेर्सी काउंसिल, भोपाल उपस्थित रहे। यूनिवर्सिटी कि माननीय कुलाधिपति श्रीमती प्रीति पटेल एवं प्रो-चांसलर डॉ. अजीत सिंह पटेल ने विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया और उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। अपने उद्बोधन में माननीय कुलाधिपति श्रीमती प्रीति पटेल ने विद्यार्थियों से कहा कि अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच ही उन्हें ऊँचाइयों तक ले जाएगी। वहीं, अन्य अतिथियों ने भी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के महत्व और उज्ज्वल भविष्य के लिए सतत प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। अतिथियों ने यूनिवर्सिटी की उपलब्धियों की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि यहाँ के विद्यार्थी न केवल अपने करियर में उत्कृष्टता



प्राप्त करेंगे, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगे। यूनिवर्सिटी में छात्रों के लिए कई अतिरिक्त गतिविधियाँ चलती हैं। प्लेसमेंट के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम होते हैं, उद्योग से जुड़े ट्रेनिंग सेशन के साथ साथ प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग भी होती है, उच्च शिक्षित फैकल्टी मेंबर जो छात्रों के भविष्य को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यूनिवर्सिटी में आधुनिक प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और कंप्यूटर लैब हैं एवं शोध के लिए विशेष सुविधाएँ उपलब्ध हैं जो छात्रों के विकास में सहायक होती हैं। कार्यक्रम का समापन नए विद्यार्थियों के स्वागत और प्रोत्साहन के साथ हुआ, जिसमें सभी ने एक नई ऊर्जा और उत्साह का अनुभव किया।

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने किया जीएसटी सुधारों का स्वागत जीवन उपयोगी सामानों पर जीएसटी हटाने की मांग हुई पूरी

## स्वदेशी उत्पादों को मिलेगा ग्राहक शक्ति का समर्थन

दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने अपने द्वारा लम्बे समय से की जा रहीं मांगों के अनुरूप जीएसटी काउंसिल द्वारा 12 और 28 प्रतिशत के स्लेब समाप्त करने और जीवनोपयोगी सामानों पर जीएसटी दर शून्य करने के ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, मध्यभारत प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक भटनागर ने भारत सरकार की ग्राहक हितेषी नीतियों का आभार मानते हुए बताया कि ग्राहक हितेषी बाजार व्यवस्था हमारा लक्ष्य है और हम इस दिशा में अपने सुझाव समय-समय पर सरकार के समक्ष रखते रहे हैं। आज जीएसटी काउंसिल ने हमारे सुझाव माने और ग्राहकों को राहत प्रदान की है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत स्वदेशी उत्पाद और स्थानीय बाजारों के माध्यम से कय-बिकय का समर्थन करती है। सरकार के इस ग्राहक हितेषी निर्णय से ग्राहक की जेब पर बोझ कम हुआ है। अब ग्राहक स्वदेशी उत्पादों को खरीदने और बेचने के प्रति प्रेरित और प्रोत्साहित होंगे और विदेशी उत्पादों का आकर्षण कम होगा। भारत सरकार के इस लोक कल्याणकारी कदम के लिए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत धन्यवाद ज्ञापित करती है और भविष्य में ऐसी ही अपेक्षा करती है।

# इंजी. ए.पी. पटेल समाजवादी पार्टी मप्र के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

दैनिक भेल पॉवर ■

जनसेवा, सामाजिक न्याय और संगठनात्मक अनुभव के लंबे सफर को मिला नया दायित्व समाजवादी पार्टी ने दी बड़ी जिम्मेदारी, इंजी. ए.पी. पटेल बने प्रदेश उपाध्यक्ष वंचितों, किसानों और युवाओं की आवाज उठाने वाले संघर्षशील नेता को संगठन ने दिया सम्मान संगठन में नई ऊर्जा, इंजी. ए.पी. पटेल को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी पिछड़ा वर्ग, दलित, अल्पसंख्यक, किसान, बेरोजगार, कर्मचारी मजदूर वर्ग के लिए दशकों से सक्रिय पटेल को सपा ने सौंपी अहम भूमिका।




# शिक्षक दिवस और ईद-ए-मिलाद का संगम भारत की शक्ति बहुसांस्कृतिक परंपरा की पुष्टि करता है



बच्चे अपने शिक्षकों का सम्मान करेंगे और मुस्लिम समाज पैगम्बर साहब की शिक्षाओं को याद करेगा। यह दृश्य उस सामाजिक प्रयोग जैसा होगा जहाँ दो अलग-अलग मान्यताएँ एक-दूसरे के साथ विरोध में नहीं, बल्कि सहयोग में खड़ी होती हैं। इससे समाज में आपसी सम्मान और विश्वास बढ़ता है।

वैश्विक स्तरपर भारत विविधताओं का देश है जहाँ भाषाएँ, धर्म, संस्कृतियाँ,परंपराएँ और विचारधाराएँ एक साथ मिलकर सह-अस्तित्व का अद्भुत उदाहरण पेश करती हैं।5सितंबर 2025 का दिन इस सांस्कृतिक विविधता को और भी गहराई से महसूस करने का अवसर प्रदान करता है, क्योंकि इस दिन शिक्षक दिवस और ईद-ए- मिलादउन -नबी दोनों एक साथ मनाए जा रहे हैं। यह केवल कैलेंडर का संयोग भर नहीं है, बल्कि भारतीय समाज के उस ताने-बाने का प्रमाण है जिसमें विभिन्न आस्थाएँ और मान्यताएँ एक ही मंच पर आकर सामंजस्य और भाईचारे का संदेश देती हैं। मैं एडवोकेट किशन समुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र अपनी राइस सिटी के नाम से मशहूर गोंदिया सिटी में जब एक ही दिन आने वाले हैं दोनों पर्वों की तैयारी स्थलों की ग्राउंड रिपोर्टिंग की तो मुझे बहुत अच्छा लगा और इस विषय पर आर्टिकल लिखने की सोची।भारत के इतिहास में कई ऐसे अवसर आते रहे हैं जब अलग-अलग समुदायों के पर्व एक ही दिन पड़े हों। इसने हमेशा भारतीय लोकतंत्र और समाज की बहुलतावादी संरचना को मजबूत किया है। 5 सितंबर 2025 का यह संगम भी इसी श्रंखला का हिस्सा है। जहाँ एक ओर शिक्षा और ज्ञान के महत्व को रेखांकित करने वाला शिक्षक दिवस है,वहीं दूसरी ओर करुणा, नैतिकता और पैगम्बर मुहम्मद साहब की शिक्षाओं को स्मरण कराने वाला ईद-ए-मिलाद-उन- नबी है। यह दो अलग-अलग आयामों के उत्सव हैं,किंतु दोनों ही मानवता के कल्याण और समाज के उत्थान से जुड़े हैं।

साथियों बात अगर हम शिक्षक दिवस व ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का निर्धारण और महत्व की करें तो,शिक्षक दिवस हर वर्ष 5 सितंबर को मनाया जाता है, जो कि भारत के दूसरे राष्ट्रपति और महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती है। उन्होंने शिक्षा को केवल ज्ञानार्जन का साधन न मानकर, बल्कि जीवन और समाज को सही दिशा देने वाला स्तंभ बताया।उनकेअनुसार शिक्षक केवल पढ़ाने वाला नहीं, बल्कि राष्ट्र निमार्ता होता है।1962 से हर वर्ष यह दिन भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है ताकि शिक्षकों के योगदान को सम्मान दिया जा सके। यह परंपरा शिक्षा और ज्ञान की महत्ता को रेखांकित करती है और समाज में गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा को बनाए रखती है।दूसरी ओर, ईद-ए-मिलाद-उन- नबी इस्लामी चंद्र कैलेंडर के अनुसार तय होता है। इसे पैगम्बर मुहम्मद साहब के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन मुस्लिम समुदाय पैगम्बर की शिक्षाओं, उनके




जीवन-दर्शन और मानवता के लिए दिए गए मार्गदर्शन को याद करता है। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि इंसानियत, बराबरी और करुणा का संदेश भी देता है। चूँकि यह पर्व चंद्र कैलेंडर पर आधारित है, इसलिए हर वर्ष इसकी तिथि बदलती रहती है।संयोगवश 2025 में यह 5 सितंबर को पड़ रहा है, जो इसे और भी विशेष बना देता है।

साथियों बात अगर हम दोनों दोनों पर्वों के संयोग के ऐतिहासिक पहलू की करें तो, इतिहासकारों और धार्मिक विद्वानों के अनुसार, संभवतः पहली बार ऐसा अवसर आया है जब भारत का शिक्षक दिवस और इस्लामी जगत का ईद-ए-मिलाद-उन-नबी एक ही दिन मनाया जा रहा है। यह अद्वितीय संयोग भारत की सांस्कृतिक धरती की विशेषता को दशार्ता है। भारतीय समाज हमेशा से विभिन्न समुदायों के मेल-जोल का प्रतीक रहा है, और यह घटना उसी परंपरा की एक नई झलक प्रस्तुत करती है।

साथियों बातें अगर हम दोनों पर्वों शिक्षा और धर्म के साझा संदेश की करें और इसे यदि हम गहराई से देखें तो शिक्षक दिवस और ईद-ए-मिलाद दोनों का मूल संदेश एक ही है, ज्ञान, नैतिकता और मानवता की सेवा। डॉ. राधाकृष्णन ने शिक्षा को राष्ट्र और मानवता के विकास की आधारशिला माना, वहीं पैगम्बर मुहम्मद साहब ने इंसानियत, भाईचारे और समानता को सबसे महत्वपूर्ण बताया। इस तरह, दोनों पर्व हमें सिखाते हैं कि चाहे शिक्षा के माध्यम से हो या धर्म के माध्यम से, लक्ष्य हमेशा इंसान को बेहतर बनाना और समाज में शांति व न्याय स्थापित करना जरूरी है।

साथियों बातें कर हमअंतरराष्ट्रीय स्तरपर यह संगम और भी महत्वपूर्ण है होने की करें तो, आज पूरी दुनियाँ धार्मिक असहिष्णुता, सांप्रदायिक टकराव और सांस्कृतिक विभाजन की चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में भारत से यह संदेश जाता है कि विभिन्न धर्म और परंपराएँ एक साथ मिलकर मनाई जा सकती हैं और समाज में भाईचारा स्थापित किया जा सकता है। यह केवल भारतीय लोकतंत्र की शक्ति ही नहीं, बल्कि वैश्विक शांति की दिशा में भी एक प्रेरक उदाहरण है।शिक्षक दिवस और ईद-ए- मिलाद का साझा उत्सव व सामाजिक प्रयोग हैं भारत के कई राज्यों में 5 सितंबर 2025 को विद्यालयों, कॉलेजों और मस्जिदों दोनों में उत्सव का माहौल रहेगा। बच्चे अपने शिक्षकों का सम्मान करेंगे और मुस्लिम समाज पैगम्बर साहब की शिक्षाओं को याद करेगा। यह दृश्य उस सामाजिक प्रयोग जैसा होगा जहाँ दो अलग- अलग मान्यताएँ एक-दूसरे के साथ विरोध में नहीं, बल्कि सहयोग में खड़ी होती हैं। इससे समाज में आपसी सम्मान और विश्वास बढ़ता है।

साथियों बात अगर हम अवकाश का प्रश्न,राष्ट्रीय और राजपत्रित छुट्टियाँ बहुसांस्कृतिकता का जीवंत उदाहरण की करें तो, ध्यान३ देने योग्य तथ्य यह है कि न तो शिक्षक दिवस और न ही ईद-ए-मिलाद भारत में राष्ट्रीय अवकाश की श्रेणी में आते हैं। हालाँकि ईद-ए-मिलाद को राजपत्रित अवकाश माना जाता है, यानी केंद्र सरकार इसेमान्यता देती है और राज्यों को यह अधिकार होता है कि वे अपने स्तर पर छुट्टी घोषित करें। उदाहरण के लिए महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में यह दिन सरकारी अवकाश होता है। इसके विपरीत, शिक्षक दिवस को प्रायः शैक्षिक संस्थानों में ही विशेष कार्यक्रमों और समारोहों के रूप में मनाया जाता है, जबकि औपचारिक अवकाश नहीं होता। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारतीय संविधान और प्रशासन दोनों ही विभिन्न आस्थाओं को सम्मान देते हुए लचीलेपन की नीति अपनाते हैं।भारत की शक्ति हमेशा उसकी बहुसांस्कृतिकता में रही है। यहाँ एक ओर हिन्दू पर्व दीपावली और होली हैं, तो दूसरी ओर मुस्लिम पर्व ईद और मुहर्रम हैं;एक ओर क्रिसमस और गुड फ्राइडे हैं तो दूसरी ओर गुरु नानक जयंती और बुद्ध पूर्णिमा। इन सभी त्योहारों का एक साथ मनाया जाना और समाज के हर वर्ग का इसमें शामिल होना ही भारत को विशिष्ट बनाता है। शिक्षक दिवस और ईद-ए-मिलाद का संगम इसी बहुसांस्कृतिक परंपरा की पुष्टि करता है जो अच्छी बात है।

साथियों बात अगर हम वैश्विक शांति और शिक्षा का सेतु व भारतीय लोकतंत्र का संदेश की करें तो,आज कीदुनियाँ में जहाँ हिंसा, युद्ध और आतंकवाद जैसी चुनौतियाँ हैं,वहाँ शिक्षा और धार्मिक मूल्यों का सही संगम ही मानवता को बचा सकता है।शिक्षक दिवस शिक्षा के महत्व को उजागर करता है,जबकि ईद- ए- मिलाद हमें धार्मिक और नैतिक मूल्यों की याद दिलाता है। यदि इन दोनों को मिलाकर देखा जाए तो यह मानव सभ्यता के लिए एक मजबूत सेतु का काम करता है।भारत का संविधान सभी धर्मों को समान अधिकार देता है। यहाँ न तो किसी एक धर्म को सर्वोपरि माना गया है और न ही किसी आस्था के अनुयायियों कोकमतर आँका गया है। 5 सितंबर 2025 का यह संयोग भारतीय लोकतंत्र के उस मूलभूत सिद्धांत को और मजबूत करता है,जिसमें सभी धर्म और मान्यताएँ समान रूप से आदरणीय हैं। यह दुनिया को यह संदेश देता है किलोकतंत्र केवल चुनाव या शासन व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह विविधताओं को साथ लेकर चलने की क्षमता भी है।दोनों पर्वों के संगम से समाज में सामूहिक उत्साह का वातावरण बनेगा। विद्यालयों और मस्जिदों से निकलने वाले संदेश मिलकर समाज में भाईचारे और शांति को और गहरा करेंगे। यह अवसर केवल धार्मिक या सांस्कृतिक दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि 5 सितंबर 2025 को मनाया जाने वाला शिक्षक दिवस और ईद-ए-मिलाद का संगम भारतीय संस्कृति और लोकतंत्र की जीवंत मिसाल है।यह केवल तिथियों का मेल नहीं, बल्कि शिक्षा और धर्म के साझा मूल्यों का प्रतीक है। यह हमें याद दिलाता है कि चाहे हम किसी भी समुदाय से आते हों, हमारे लक्ष्य और मूल्य समान हैंज्ञान, नैतिकता, इंसानियत और समाज का कल्याण। यह अद्वितीय अवसर भारत की उस आत्मा को प्रकट करता है, जो सदैव विविधताओं में एकता और विभिन्नताओं में सामंजस्य का मार्ग दिखाती है।

# जीएसटी के 2 स्लैब, गरीब एवं मध्यम वर्ग को राहत?

जीएसटी परिषद के हालिया फैसले ने आम जनता को बड़ी राहत दी है, यह प्रचारित हो रहा है। अब तक अलग-अलग वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी की दरें 5 प्रतिशत से लेकर 28 प्रतिशत तक फैली हुई थीं, जिससे उपभोक्ता और व्यापारी दोनों ही भ्रमित रहते थे। परिषद ने टैक्स ढांचे को सरल बनाने का दावा करते हुए केवल दो स्लैब 05 और 18 प्रतिशत रखने का निर्णय लिया है। कुछ उत्पाद 40 फीसदी जिसमें शराब, लग्जरी सामान और तंबाकू के उत्पाद शामिल कर तीसरी श्रेणी बनाई जा रही है। सरकार दावा कर रही है कि इस बदलाव से 48000 करोड़ सालाना का नुकसान होगा जो प्रतिमाह लगभग 4000 करोड़ रुपया बैठता है। इसी के साथ ही सरकार दावा कर रही है, कि इस कदम से कर प्रणाली को पारदर्शी बनाया जायेगा। गरीब और मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी। सरकार का दावा है इससे बड़ा फायदा रोजमर्रा की वस्तुओं और खाने-पीने की चीजों पर जीएसटी दर में कमी के कारण सामने आएगा। आवश्यक वस्तुएं सस्ती होंगी, सीधे तौर पर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों का मासिक बजट संतुलित होगा। अगले 4 महीने त्योहारों के मौसम के हैं। जीएसटी में राहत उपभोक्ताओं के उत्साह को बढ़ाएगी। बाजार में रौनक आएगी। बाजार में मांग और आपूर्ति को मजबूती मिलेगी। सरकार ने स्वास्थ्य और जीवन बीमा सेवाओं पर जीएसटी खत्म करने का निर्णय लिया है, जो अत्यंत सराहनीय कदम है। मध्यम वर्ग लंबे समय से इस बोझ से परेशान था। अब बीमा प्रीमियम सस्ते होंगे, अधिक लोग




स्वास्थ्य और जीवन बीमा लेने के लिए प्रोत्साहित होंगे। इससे सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ेगा और देश में वित्तीय सुरक्षा मजबूत होगी। उद्योग जगत की दृष्टि से देखें, तो कम स्लैब का अर्थ है, आसान टैक्स के अनुपालन से व्यापारी और छोटे कारोबारियों को राहत मिलेगी। जटिल दरों और तकनीकी खामियों के कारण वह परेशान होते थे। दो स्लैब की व्यवस्था से कर चोरी घटेगी, सरकार को राजस्व संग्रहण अधिक पारदर्शी तरीके से मिलेगा। हालांकि जीएसटी की चुनौतियां नए रूप मे सामने आएंगी। उच्च कर स्लैब में आने वाली वस्तुओं पर कर बोझ बढ़ने से जो राहत बताई जा रही है, वह एक जेब से पैसा निकाल कर दूसरे जेब में डालने जैसी संभावना के रूप में देखा जा रहा है। विलासिता से संबंधित उत्पाद एवं सेवाओं को 28 प्रतिशत के स्थान पर 40 फीसदी जीएसटी देनी होगी। इस प्रकार उपभोक्ताओं को जो राहत दी गई है उसे विलासिता के नाम पर सरकार वापस ले लेगी। इसमें सरकार को वाहवाही भी मिलेगी। इस श्रेणी के लोग अपेक्षाकृत सक्षम होते हैं। समाज के कमजोर वर्गों की राहत का यह बोझ मध्यम वर्ग पर डाला जाएगा। सरकार ने जो अनुमान लगाया है कि उसे 4000 करोड़ मासिक का नुकसान होगा, जीएसटी के रूप में सरकार 180000 करोड़ से लेकर 190000 करोड़ तक हर माह वसूल कर रही है। इससे स्पष्ट है, कि जीएसटी से आम आदमी को कोई विशेष राहत मिलने वाली नहीं है। अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव की बात करें, तो इस कदम से कुछ उत्पादों की मांग बाजार में बढ़ेगी, उत्पादन में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। सरल टैक्स प्रणाली विदेशी निवेशकों को भारत में आने के लिए भी आकर्षित करेंगे। कुल मिलाकर, जीएसटी में दो स्लैब का फैसला एक दूरगामी सुधार का रास्ता तैयार कर रहा है। इस तरह की सोच से गरीब और मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी, वहीं टैक्स प्रणाली को सरल और प्रभावी बनाने में यह एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हो सकता है। यह कदम सबका साथ, सबका विकास की दिशा में सरकार का यह ठोस प्रयास करने का दावा सरकार द्वारा किया जा रहा है। सरकार का दावा है कि इस परिवर्तन से भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों मे ले जाने में मदद मिलेगी। सरकार जीएसटी की दरों में कमी करने का जो दावा कर रही है। महंगाई कम होने की बात कर रही है। इसमें आम उपभोक्ता को राहत मिलेगी, ऐसा लगता नहीं है। सरकार जिस नुक्सान की बात कर रही, यह उतार चढ़ाव अभी भी होता है। सही बात यह है, जीएसटी से सरकार का राजस्व निरंतर बढ़ रहा है। सरकार ने दो स्लैब खत्म किए हैं, किंतु जीएसटी में विलासता के नाम पर 40 फीसदी टेक्स के दायरे में जिन वस्तुओं को शामिल किया जा रहा है उससे मध्यम वर्ग को कोई राहत मिलेगी, ऐसा होता दिख नहीं रहा है। सरकार के इस प्रयास को मार्केटिंग के रूप में जरूर देखा जा सकता है। जिसमें गरीबों और मध्यम वर्ग को सरकार यह संदेश देने में सफल रही है, जीएसटी में सरकार उसे बहुत फायदा पहुंचाने जा रही है। इस बदलाव से निश्चित रूप से सरकार की छवि बेहतर बनेगी। उपभोक्ताओं को क्या लाभ होगा, इसका पता तो कुछ समय के बाद ही चलेगा।

## संपादकीय

# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना देगी युवा शक्ति के सपनों को नई उड़ान

भारत की विकास गाथा हमेशा से उसकी श्रम शक्ति द्वारा लिखी गई है। देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में करोड़ों श्रमिकों के समर्पण और क्षमता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, पिछले 11 वर्षों में भारत की आर्थिक प्रगति ने उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2014 में, भारत विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ते हुए आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत ने वैश्विक पटल पर अपने लिए एक उल्लेखनीय स्थान बनाया है और इसमें इसके मानव संसाधन की शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

इस सफलता की कहानी को बल देने वाला तथ्य यह है कि भारत के आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। आरबीआई-केएलईएमएस के अनुसार, जहां 2004-2014 के बीच केवल 2.9 करोड़ रोजगार सृजित हुए थे, उसके बाद के दशक में 17 करोड़ से अधिक रोजगार सृजित हुए। औपचारिकीकरण में भी तेजी आई है, ईपीएफओ के आंकड़ों के अनुसार पिछले सात वर्षों में लगभग आठ करोड़ नौकरियां सृजित हुई हैं। भारत में सामाजिक सुरक्षा कवरेज में बढ़तोरी होना भी हमारी एक बड़ी उपलब्धि है। 2015 में, केवल 19 प्रतिशत भारतीय कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत आते थे। 2025 तक, यह संख्या बढ़कर 64.3 प्रतिशत हो चुकी है और 94 करोड़ लाभार्थी इसके दायरे में आए हैं, जिससे भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा सामाजिक सुरक्षा कवरेज देने वाला देश बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने इस उपलब्धि को वैश्विक स्तर पर कवरेज के सबसे तेज विस्तार में से एक माना है।

यह स्पष्ट है कि राष्ट्र का भविष्य न केवल जीडीपी वृद्धि की गति से, बल्कि हमारे द्वारा सृजित नौकरियों की गुणवत्ता, श्रमिकों को दी जाने वाली सुरक्षा और अपने युवाओं को प्रदान किए जाने वाले अवसरों से भी तय होगा। बढ़ते स्वचालन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से कारण बनी अनिश्चितता की स्थिति, आपूर्ति-श्रृंखला में बदलाव और दुनिया भर में नौकरियों को आकार देने वाली कई अन्य कमजोरियों की वैश्विक पृष्ठभूमि में, भारत एक जनसांख्यिकीय परिवर्तन के बिंदु पर खड़ा है।

हमारी 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है, जो एक महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय लाभांश है जो हमारी अर्थव्यवस्था को गति दे देता है, जबकि पश्चिमी देशों में आबादी वृद्ध होती हो रही है। वर्षों से, भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश यानी इसकी युवा शक्ति को इसकी सबसे बड़ी ताकत माना जाता रहा है। फिर भी, पिछली सरकारों के अधीन, इस क्षमता का पूरा उपयोग नहीं किया गया। अमृत काल में, जब हम 2047 तक एक विकसित भारत के विजन की दिशा में प्रयास कर रहे हैं, हमारे सामने कार्य स्पष्ट है: हमें संभावना से समृद्धि की ओर बढ़ना होगा।

इस पृष्ठभूमि में, रोजगार अब केवल एक आर्थिक संकेतक नहीं रह गया है; यह सम्मान, समानता और राष्ट्रीय शक्ति का आधार है। इसके लिए आवश्यक है कि हम अपने युवाओं को रोजगार योग्य बनाएं, उन्हें औपचारिक अर्थव्यवस्था में एकीकृत करें, उन्हें वित्तीय साक्षरता से लैस करें और यह सुनिश्चित करें कि वे एक मजबूत सामाजिक सुरक्षा प्रणाली द्वारा सुरक्षित हों।

## (आस्था)

### 7 या 8 सितंबर कब से शुरू होगा पितृ पक्ष? जानिए पूर्णिमा से लेकर सर्वपितृ अमावस्या तक की तिथियां और धार्मिक महत्व...

शास्त्रों में पितृ पक्ष का खास महत्व होता है। आपको बता दें कि पितृ पक्ष में लोग अपने पूर्वजों के निमित्त श्राद्ध- तर्पण और ब्राह्मणों को भोज कराते हैं। जिससे उनकी आत्मा को मुक्ति मिलने के साथ मोक्ष की प्राप्ति हो सके। मान्यता है कि पितृपक्ष के दौरान हमारे पूर्वज पितृ लोक से धरती लोक पर आते हैं और वह यह देखते हैं कि उनके परिवारीजन श्राद्ध कर्म कर रहे है या नहीं। वहीं अगर उनके निमित्त सदस्य श्राद्ध कर्म कर रहे हैं तो वह सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। साथ ही पितृ दोष भी नहीं लगता है। हाथ में ऐसा शुक्र पर्वत होने पर जीवन में खूब मिलता धन और शोहरत, शुक्र देव की कृपा से बनते हैं सभी कार्य वैदिक पंचांग के मुताबिक हर साल भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के साथ पितृपक्ष शुरू हो जाते हैं, जो आश्विन मास की अमावस्या को खत्म हो जाते हैं। इस साल के पितृ पक्ष की बात करें, तो वह 7 सितंबर 2025 से शुरू हो रहे हैं, जो 21 सितंबर को समाप्त हो रही है। जानिए पितृपक्ष के दौरान श्राद्ध करने की तिथियां और महत्व उन्होंने मेरी नाक के नीचे चक्कर कुनिका सदानंद ने बिग बॉस के घर में खोली कुमार सानू की पोल? पत्नी के होते हुए गांव की लड़की से अचानक शादी कर उसे घर ले आया पति, महिला ने पूछा तो बताई चौंकाने वाली वजह, कहा- गलती तुम्हारी है वेट लॉस करना हो सकता है आसान, बस डेली रूटीन में इन 5 चीजों का रखना होगा ध्यान, शरीर भी बना रहेगा एनर्जेटिक श्राद्ध 2025 की सभी प्रमुख तिथियां और तारीख प्रतिपदा श्राद्ध कब है : पितृपक्ष का पहला यानि प्रतिपदा का श्राद्ध 08 सितंबर 2025 को है। द्वितीया श्राद्ध कब है : पितृपक्ष की दूसरी तिथि द्वितीया का श्राद्ध 09 सितंबर 2025 को रहेगा। तृतीया श्राद्ध कब है : वहीं श्राद्ध पक्ष की तृतीया तिथि 10 सितंबर 2025 को है। चतुर्थी श्राद्ध कब है : पितृपक्ष की चौथी तिथि यानि चतुर्थी का श्राद्ध भी 10 सितंबर 2025 के दिन करना उचित रहेगा। 18 महीने बाद बुध और मंगल का बनेगा दुर्लभ संयोग, इन राशियों का चमक सकता है भाग्य, करियर और कारोबार में तरक्की के योग पंचमी श्राद्ध कब है : पितृपक्ष की पांचवी तिथि यानि पंचमी का श्राद्ध 12 सितंबर 2025 को है। षष्ठी श्राद्ध कब है : यदि आपके पितृ की मृत्यु षष्ठी तिथि से है तो आपको 12 सितंबर 2025 के दिन उनका श्राद्ध करना चाहिए। सप्तमी श्राद्ध कब है : सप्तमी तिथि से जुड़े पितरों के लिए इस साल 13 सितंबर के दिन श्राद्ध करना उचित रहेगा।

## आज का राशिफल

**मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।**

**मेष:** कॉफी पीना छोड़ दें, खास तौर पर दिल के मरीज। किसी करीबी दोस्त की मदद से आज कुछ करोबारियों को अच्छा-खासा धन लाभ होने की संभावना है। यह धन आपकी कई परेशानियों को दूर कर सकता है। अगर आप पार्टी करने की सोच रहे हैं, तो अपने अपने अच्छे दोस्तों को बुलाएँ। ऐसे कई लोग होंगे, जो आपका उत्साह बढाएंगे। आज का दिन रोमांस से भरपूर होने की पूरी संभावना है। जो नए संपर्क आप आज बनाएंगे, वे आपके करिअर को एक नयी तेजी देंगे। जीवन का आनंद लेने के लिए आपको अपने दोस्तों को भी समय देना चाहिए।

**वृषभ : उ, ई, ए, ओ, बा, बी, बे, बो ।**

**वृषभ:** आज के दिन आप बिना झंझट विश्राम कर सकेंगे। अपनी मांसपेशियों को आराम देने के लिए तैल से मालिश करें। यदि शादीशुदा हैं तो आज अपने बच्चों का विशेष ख्याल रखें क्योंकि यदि आप ऐसा नहीं करते तो उनकी तबीयत बिगड़ सकती है और आपको उनके स्वास्थ्य पर काफी पैसा खर्च करना पड़ सकता है। पुरखों की जायदाद की खबर पूरे परिवार के लिए खुशी ला सकती है। आप आज प्यार की मनोदशा में होंगे- और आपके लिए काफी मौके भी होंगे। कामकाज के मोर्चे पर आपको सबसे स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन: क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।**

**मिथुन:** दोस्त या सहकर्मी का स्वार्थी बर्ताव आपका मानसिक सुकून खत्म कर सकता है। कार्यक्षेत्र में या करोबार में आपकी कोई लापरवाही आज आपको आर्थिक नुक्सान करा सकती है। दोस्तों और परिवार के साथ मजेदार समय बीतेगा। आपको अपनी रसिक कल्पनाओं पर अधिक गौर करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि संभव है कि वे आज सच हो जाएँ। आप आप अपने उद्देश्यों की पूर्ति करने में सफल रहेंगे, बशर्ते इसके लिए आप दूसरों से मदद लें तो। अपने जबरदस्त आत्मविश्वास का फायदा उठाएँ, बाहर निकलें और कुछ नए सम्पर्क व दोस्त बनाएँ।

**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।**

**कर्क:** अच्छी चीजों को ग्रहण करने के लिए आपका दिमाग खुला रहेगा। आपके पिता की कोई सलाह आज कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ करा सकती है. आपकी ज्ञान की प्यास आपको नए दोस्त बनाने में मददगार साबित होगी। अपनी बातों को सही साबित करने के लिए आज के दिन आप अपने संगी से झगड़ सकते हैं। हालांकि आपका साथी समझदारी दिखाते हुए आपको शांत कर देगा। खुद को अभिव्यक्त करने के लिए अच्छा समय है- और ऐसे प्रोजेक्ट पर काम कीजिए, जो रचनात्मक हों। अगर आप जल्दबाजी में निष्कर्ष निकालेंगे और गैर-जरूरी काम करेंगे।

**सिंह: मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।**

**सिंह:** आज आप ऊर्जा से लबरेज होंगे- आप जो भी करेंगे उसे आप उससे आधे वक़्त में ही कर देंगे, जितना वक़्त आप अक्सर लेते हैं। वैसे तो अपना पैसा दूसरे को देना किसी को पसंद नहीं आता लेकिन आज आप किसी जरुरतमंद को पैसा देकर सुकून का अनुभव करेंगे। आपको अपना बाकी वक़्त बच्चों के संग गुजारना चाहिए, चाहे इसके लिए आपको कुछ खास ही क्यों न करना पड़े। निजी मसले नियन्त्रण में रहेंगे। आज आपका कोई छुपा विरोधी आपको गलत साबित करने की पुरजोर कोशिश करेगा।

**कन्या: टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।**

**कन्या:** शारीरिक व्यायाम और वजन घटाने की कोशिशें आपके रूप-रंग को निखारने में फायदेमंद साबित होंगी। जिन लोगों ने किसी अनजान शख्स की सलाह पर कहीं निवेश किया था आज उन्हें उस निवेश से फायदा होने की पूरी संभावना है। अपने व्यक्तिगत जीवन से थोड़ा समय निकालकर दान-पुण्य के कामों में कुछ समय लगाएँ। इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी, लेकिन इसके लिए अपनी निजी जिंदगी को दरकिनार न करें। आपको दोनों पर ही बराबर ध्यान देने की जरूरत है। किसी दिलचस्प इंसान से मिलने की प्रबल संभावना है।

**तुला: रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।**

**तुला:** आज आपके पास खुद के लिए पर्याप्त समय होगा, तो मौके का फायदा उठाएँ और अच्छी सेहत के लिए पैदल सैर पर जाएँ। लम्बे समय से अटके मुआवजे और कर्ज आदि आखिरकार आपको मिल जाएंगे। काम-काज में जरूरत से ज्यादा तनाव के चलते परिवार की जरूरतों और इच्छाओं को दरकिनार न करें। आपको अपने प्रिय के साथ समय बिताने की जरूरत है, ताकि आप दोनों एक-दूसरे को अच्छी तरह से जान व समझ सकें। नए विचार फायदेमंद साबित होंगे। एकांत में वक्त बिताना अच्छा है लेकिन आपके दिमाग में कुछ चल रहा है तो लोगों से दूर रहकर आप और ज्यादा परेशान हो सकते हैं।

**वृश्चिक: तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।**

**वृश्चिक:** आज के दिन आप बिना झंझट विश्राम कर सकेंगे। अपनी मांसपेशियों को आराम देने के लिए तैल से मालिश करें। अपने धन का संचय कैसे करना है यह हुनर आज आप सीख सकते हैं और इस हुनर को सीख कर आप अपना धन बचा सकते हैं। अपना कीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें। यह सबसे बेहतर मरहम है। वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे। संभव है आज आप अपने प्रिय को टॉफी और कॉकलेट वगैरह दें। सेमिनार और गोष्ठियों में हिस्सा लेकर आज आप कई नए विचार पा सकते हैं।

**धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।**

**धनु:** आज के दिन आराम करना जरूरी साबित होगा, क्योंकि आप हाल के दिनों में भारी मानसिक दबाव से गुजरे हैं। नयी गतिविधियाँ और मनोरंजन आपके लिए विश्राम करने में सहायक सिद्ध होंगे। आज धन लाभ होने की संभावना तो बन रही है लेकिन ऐसा हो सकता है कि अपने गुस्सैल स्वभाव के कारण आप पैसा कमाने में सक्षम न हो पाएं। बच्चे उम्मीदों पर खरे न उतरकर आपको निराश कर सकते हैं। सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की जरूरत है। आज के दिन प्यार की कली चटककर फूल बन सकती है।

**मकर: भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।**

**मकर:** मुश्किल परिस्थितियों का सामना करते वक़्त आपको हिम्मत और मजबूती दिखाने की जरूरत है। सकारात्मक रवैये के माध्यम से आप आसानी से इन बाधाओं को पार कर सकते हैं। वे निवेश-योजनाएँ जो आपको आकर्षित कर रहीं हैं, उनके बारे में गहराई से जानने की कोशिश करें- कोई भी कदम उठाने से पहले विशेषज्ञ की सलाह जरूर ले लें। घरेलू मोर्चे पर समस्या खड़ी हो सकती है, इसलिए तोल-मोल कर ही बोलें। आज आपकी मुस्कान बेमानी है, हँसी में वो खनक नहीं है, दिल धड़कने में आनाकानी कर रहा है; क्योंकि आप किसी खास के साथ की कमी महसूस कर रहे हैं।

**कुंभ: गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।**

**कुंभ:** मुश्किल परिस्थितियों का सामना करते वक़्त आपको हिम्मत और मजबूती दिखाने की जरूरत है। सकारात्मक रवैये के माध्यम से आप आसानी से इन बाधाओं को पार कर सकते हैं। वे निवेश-योजनाएँ जो आपको आकर्षित कर रहीं हैं, उनके बारे में गहराई से जानने की कोशिश करें- कोई भी कदम उठाने से पहले विशेषज्ञ की सलाह जरूर ले लें। घरेलू मोर्चे पर समस्या खड़ी हो सकती है, इसलिए तोल-मोल कर ही बोलें। आज आपकी मुस्कान बेमानी है, हँसी में वो खनक नहीं है, दिल धड़कने में आनाकानी कर रहा है।

**मीन: दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।**

**मीन:** कॉफी पीना छोड़ दें, खास तौर पर दिल के मरीज। किसी करीबी दोस्त की मदद से आज कुछ करोबारियों को अच्छा-खासा धन लाभ होने की संभावना है। यह धन आपकी कई परेशानियों को दूर कर सकता है। अगर आप पार्टी करने की सोच रहे हैं, तो अपने अपने अच्छे दोस्तों को बुलाएँ। ऐसे कई लोग होंगे, जो आपका उत्साह बढाएंगे। आज का दिन रोमांस से भरपूर होने की पूरी संभावना है। जो नए संपर्क आप आज बनाएंगे, वे आपके करिअर को एक नयी तेजी देंगे। जीवन का आनंद लेने के लिए आपको अपने दोस्तों को भी समय देना चाहिए।

# जॉन अब्राहम ने संभाली 'फोर्स 3' की बागडोर



बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम ने फिल्म फोर्स से अपने करियर को उड़ान दी थी। 2011 में आई ये फिल्म निशिकांत कामत के निर्देशन में बनी थी। इस फिल्म में जॉन ने एसीपी यशवर्धन सिंह का दमदार किरदार निभाया था, जो दर्शकों को बेहद पसंद आया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धीरे-धीरे अपनी जगह बनाई और एक 'स्लीपर हिट' साबित हुई।

सात साल बाद यानी 2018 में जॉन अब्राहम ने निर्माता विपुल शाह से %फोर्स%फ्रैंचाइज़ी के अधिकार खरीद लिए थे, और तभी से एक्टर इस फ्रैंचाइज़ी को नए सिरे से शुरू करने का सपना देख रहे थे। अब खबर सामने आई है कि जॉन फिल्म के तीसरे पार्ट के साथ दमदार वापसी करने वाले हैं।फोर्स 3 पर काम कर रहे हैं जॉन अब्राहम अब खबर सामने आई है कि जॉन अब्राहम, %फोर्स 3% की तैयारी पूरी कर चुके हैं और जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू होने वाली है। पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, इस बार फिल्म का निर्देशन भूषण कुमार और सीरीज़ खाकी- द बिहार चैप्टर के डायरेक्टर भाव धूलिया करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, जॉन का मानना है कि एसीपी यशवर्धन सिंह का किरदार आज भी दर्शकों के बीच उतना ही पॉपुलर है और इसलिए वह इसे और बड़े पैमाने पर पेश करना चाहते हैं।

### फिल्म की कहानी में लगेगा देसी तड़का

फिल्म की कहानी में एक्शन और देसी ड्रामा का खास ध्यान रखा गया है। सूत्रों का कहना है कि भाव धूलिया ने स्क्रिप्ट में अपना अलग अंदाज जोड़ा है और वे इस प्रोजेक्ट को लेकर बेहद उत्साहित हैं। फोर्स 3 की शूटिंग 2025 के आखिर में शुरू होने की उम्मीद है। दिलचस्प बात यह है कि इस बार मेकर्स एक दमदार विलेन की तलाश में हैं, ताकि फिल्म में जॉन और खलनायक के बीच जबरदस्त भिड़त दिखाई जा सके। ठीक वैसे ही जैसे फोर्स में जॉन और विद्युत जामवाल का हाई-ऑक्टेन एक्शन देखने को मिला था। स्पष्ट है कि फोर्स 3 न सिर्फ जॉन अब्राहम के लिए बल्कि दर्शकों के लिए भी एक बड़े पैमाने का एक्शन तमाशा बनने जा रही है।



## एण्डटीवी के चहेते दरोगा हप्पू सिंह ऊर्फ योगेश त्रिपाठी का सफर है प्रेरणादायक

मुंबई को सपनों का शहर कहा जाता है, यहां हजारों लोग रोज अपने ख्वाबों को हकीकत में बदलने आते हैं। लेकिन कुछ ही लोग अपनी मेहनत और जज्बे से उन सपनों को सच कर पाते हैं। उन्हीं में से एक हैं योगेश त्रिपाठी, जो एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में दरोगा हप्पू सिंह के किरदार से घर-घर में मशहूर हैं। योगेश की कहानी हिम्मत और संघर्ष की मिसाल है। मुंबई की गलियों में पेन बेचने और छोटे-मोटे काम करने से लेकर टीवी के सबसे प्यारे कलाकारों में गिने जाने तक का उनका सफ़र साबित करता है कि अगर मेहनत और धैर्य हो, तो मुश्किल से मुश्किल रास्ता भी कामयाबी तक पहुंचा देता है।अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुये योगेश बताते हैं, जब मैं 2004 में पहली बार मुंबई आया, तब मेरे पास सिर्फ़ सपने थे और यह विश्वास कि मुझे अपने दम पर कुछ करना है। मेरा पहला काम सिर्फ़ 95 रुपये का था और थियेटर में एक शो के 75 रुपये मिलते थे। गुज़ारे के लिए मैंने 150 रुपये में पेन बेचे, छोटे-छोटे बैकग्राउंड रोल किए जिनके 1,500 रुपये मिलते थे, और लगातार अवसर तलाशता रहा। तीन साल तक किसी तरह गुज़ारा किया, लेकिन हार नहीं मानी। 2007 में मुझे पहला विज्ञापन मिला, जिसने राह आसान कर दी। इसके बाद टीवी में छोटे रोल मिले और फिर 2015 में मेरी ज़िंदगी का सबसे बड़ा मोड़ आया। 'भाबीजी घर पर हैं' में मुझे मिला हप्पू सिंह का किरदार। धीरे-धीरे यह किरदार इतना लोकप्रिय हुआ कि 2019 में चैनल ने इस पर अलग शो भी शुरू कर दिया। आज मैंने मुंबई में चार घर खरीदे हैं, वो भी बिना किसी लोन के। यह मेरे लिए सिर्फ़ सफलता नहीं, बल्कि सपना पूरा होने जैसा है। जब मैं पहली बार मुंबई आया था, तो मैंने चार रातें सीएसटी स्टेशन पर बिताई थीं। तभी मैंने ठान लिया था कि एक दिन मैं इसी शहर में 4 घर खरीदकर दिखाऊंगा। आज वो सपना पूरा हो चुका है।

# वॉर 2-कुली पिट गई, लेकिन वश लेवल 2 ने 7 दिन में वसूल लिया अपना 100 फीसदी



जानकी बोदीवाला की लेटेस्ट रिलीज वश लेवल 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अपना पहला हफ़्ता पूरा कर लिया है. इस फिल्म को दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है इसी के साथ ये फिल्म रिलीज के 6 दिन में ही अपना बजट वसूल कर चुकी है. चलिए यहां जानते हैं वश लेवल 2 ने 7वें दिन यानी मंगलवार को कितना कलेक्शन किया है?

वश लेवल 2 ने 7वें दिन कितनी की कमाई?

27 अगस्त को रिलीज़ हुई गुजराती सुपरनैचुरल साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म वश लेवल को पॉजिटिव वर्ड ऑफ माउथ की वजह से बजट काफी फायदा पहुंचा है. इसके चलते फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली है. ये फिल्म हिंदी भाषा में भी अछा कारोबार कर रही है. दिलचस्प बात ये है कि जहां वॉर 2, कुली और परम सुंदरी जैसी बड़ी फिल्मों के आगे भी वश लेवल 2 दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब हो रही है. वहीं सोमावर को इसके कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई थी लेकिन मंगलवार को इसकी कमाई में तेजी देखी गई.

फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो वश लेवल 2 ने पहले दिन 1.3 करोड़ से खाता खोला था. दूसरे दिन इसने 90 लाख, तीसरे दिन 90 लाख, चौथे दिन 1.7 करोड़, पांचवें दिन 2.2 करोड़ और छठे दिन 59 लाख की कमाई की थी.वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक वश लेवल 2 ने रिलीज के 7वें दिन यानी मंगलवार को 1 करोड़ का कलेक्शन किया है.इसी के साथ इस फिल्म की 7 दिनों की कुल कमाई अब 8.59 करोड़ रुपये हो गई है.वश लेवल 2 बिना किसी बड़ी स्टार कास्ट के बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है. इस फिल्म ने रिलीज के एक हफ्ते में ही अपनी 100 फीसदी लागत वसूल कर ली है।





# बागी 4 को एडवांस बुकिंग में मिल रहा अच्छा रिस्पॉन्स

## इस फिल्म से मिस यूनिवर्स 2021 हरनाज़ संधू बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं.



टाइगर श्रॉफ एक और एक्शन फिल्म के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर कमबैक कर रहे हैं. इस बार वह अपनी हिट फ्रैंचाइज़ी 'बागी' की चौथी इंस्टॉलमेंट के साथ सिनेमाघरों में धमाल मचाने की तैयारी कर रहे हैं. इस फिल्म से मिस यूनिवर्स 2021 हरनाज़ संधू बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं. वहीं 'बागी 4' में सोनम बाजवा और संजय दत्त भी अहम रोल प्ले करते नजर आएंगें.इन सबके बीच फिल्म की एडवांस बुकिंग दुनिया भर में इसकी रिलीज़ से तीन दिन पहले यानी 2 सितंबर को शुरू हो गई थी, चलिए यहां जानते हैं 'बागी 4' को प्री टिकट सेल में कैसा रिस्पॉन्स मिल रहा है साथ ही ये भी जानेंगे कि ये कितने करोड़ से ओपनिंग कर सकती है?

'बागी 4' कितने करोड़ से कर सकती है ओपनिंग ?कन्नड़ फिल्म निर्माता ए. हर्ष द्वारा निर्देशित 'बागी 4' इस फ्रैंचाइजी की पहली ऐसी फिल्म है जिसे सेंसर बोर्ड (ष्टक्चस्नष्ट) ने अपने ज़बरदस्त एक्शन सीन्स की वजह से ए रेटिंग दी है, जिसकी एक झलक ट्रेलर में भी दिखाई गई है.

वहीं इसकी प्री-सेल शुरू हो गई है और सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक इस फिल्म ने 3 सितंबर को सुबह 8 बजे तक देश भर में हिंदी 2डी फॉर्मेट में 51 हजार 747 टिकटों की सेल की है. इसी के साथ ये अब तक एडवांस बुकिंग में बिना ब्लॉक सीटों के 1.13 करोड़ का कलेक्शन कर चुकी है.वहीं ब्लॉक सीटों के साथ इसने प्री टिकट सेल में 2.63 करोड़ की कमाई कर ली है.

एडवांस बुकिंग में तेजी आने की उम्मीद

अब फिल्म को रिलीज होने में दो दिन हैं. उम्मीद है कि 'बागी 4' की प्री टिकट सेल में और उछाल आएगा और रिलीज से पहले ही ये अच्छा खासा कलेक्शन भी कर लेगी. वैसे मौजूदा ट्रेंड को देखते हुए, टाइगर श्रॉफ स्टारर इस फिल्म की टॉप मल्टीप्लेक्स चेन में एडवांस बुकिंग 80,000 से 90,000 के बीच रहने की उम्मीद है. ये देखना दिलचस्प होगा कि क्या यह प्री-बुकिंग में 1 लाख का आंकड़ा छू पाती है या नहीं. हालांकि बागी 4, टाइगर श्रॉफ की पिछली कुछ रिलीज़ फिल्मों से बेहतर ट्रेंड देख रही है. लेकिन यह बागी फ्रैंचाइज़ी की पिछली फिल्मों से काफी पीछे है.

फिल्म भारत में 8.50 करोड़ रुपये से 9.50 करोड़ रुपये की ओपनिंग ले सकती है, जो इस बात पर डिपेंड करता है कि रिलीज़ के दिन स्पॉट बुकिंग और वॉक-इन कैसा परफॉर्म करते हैं. टाइगर श्रॉफ स्टारर इस फिल्म के लिए यह एक अच्छी शुरुआत होगी क्योंकि उनकी पिछली कुछ फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म नहीं पाई हैं. वैसे बागी 4 का बॉक्स ऑफिस पर द कॉन्ज्यूरिंग और द बंगाल फाइल्स के साथ क्लैश होगा.

बागी 4 सिनेमाघरों में 5 सितंबर को रिलीज़ होने के लिए पूरी तरह तैयार है. एडवांस बुकिंग अभी शुरू हो गई है. आप ऑनलाइन टिकट बुकिंग वेबसाइट से या काउंटर से भी टिकट बुक कर सकते हैं।

# गणपति पूजा पर सेलिब्रिटी रील से फैन्स हुए नाराज़

**निया शर्मा-अंकिता लोखंडे का रील विवाद, सोशल मीडिया पर मिला ट्रोलिंग का सामना**

गणेशोत्सव भारत के सबसे धूमधाम से मनाए जाने वाले त्योहारों में से एक है। इस समय भक्तिभाव, संगीत और परिवार के साथ उत्सव की खुशियाँ देखने को मिलती हैं। लेकिन हाल ही में टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा, अंकिता लोखंडे, नेहा स्वामी और कई अन्य टीवी सितारों का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसने सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा कर दिया। वीडियो में उन्हें गणपति बप्पा मोरया का जाप करते और ताली बजाते देखा गया, लेकिन उनकी पीठ गणपति की प्रतिमा की तरफ थी, जो कई नेटिज़न्स को पसंद नहीं आया।

### वायरल वीडियो ने बढ़ाया विवाद

वीडियो में निया शर्मा और अंकिता लोखंडे गणपति बप्पा की आराधना करते हुए दिखाई दे रही हैं, लेकिन उनकी पीठ भगवान की प्रतिमा की तरफ है। उनके साथ कई टीवी सितारे और सेलिब्रिटीज़ भी मौजूद हैं, सभी गणपति बप्पा मोरया बोलते नजर आ रहे हैं। रंग-बिरंगे सजावट, फूलों की माला और रोशनी नज़र आ रही है।वीडियो में अंकिता लोखंडे, निया शर्मा के अलावा नई दुल्हन लॉरेन गॉटलीब और कई अन्य सेलिब्रिटीज़ को खुश होकर गणपति उत्सव मनाते देखा जा सकता है, लेकिन उनकी पीठ भगवान गणेश की ओर होने की वजह से सोशल मीडिया पर आलोचना शुरू हो गई।

एक यूज़र ने कमेंट कियास रील बनाने का कोई मौका मत छोड़ो! शायद इसी वायरल वीडियो का यही संदेश है। पूजा के दौरान भगवान की तरफ पीठ नहीं करनी चाहिए। मौके का पूरा फायदा उठाना ज़रूरी है, बस यही दिख रहा है!!

नेटिज़न्स ने X और इंस्टाग्राम पर अपनी नाराज़गी जताई। एक यूज़र ने लिखा- 90त्न लोग सिर्फ मौज लेने, दिखावे के लिए त्योहार मनाते हैं!! मेरा ऐसे लोगों से निवेदन है कि पाप मत पालो! सात्विक बने!! सदाचारी बने! निर्लज्जता फैलाना बंद करें!!एक अन्य ने लिखा, ये भगवान की पूजा नहीं उनका मज़ाक बना रहे हैं।



दैनिक भेल पॉवर
भोपाल, शुक्रवार 5 सितम्बर 2025



# फटाफट खबरें

## बाइक को बचाने के चक्कर में डिवाइडर से टकराई सिटी बस

**फरीदाबाद।** नेशनल हाईवे पर बुधवार की सुबह बड़खल फ्लाईओवर के पास बाइक सवार को बचाने के चलते सिटी बस डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में किसी यात्री को चोट नहीं आई है। बस डिपो से बदरपुर बॉर्डर की ओर जा रही थी। फ्लाईओवर के पास अचानक पीछे से सामने आए बाइक चालक को बचाने के प्रयास में बस डिवाइडर से टकरा गई। बस चालक राजेश ने बताया कि वह सर्विस लाइन से बड़खल फ्लाईओवर के पास से हाईवे पर चढ़ रहे थे। तभी पीछे से तेज गति में आ रहे बाइक सवार ने अचानक बस के सामने कट मार दिया। बाइक सवार को बचाने के लिए ब्रेक लगाने की कोशिश की लेकिन ब्रेक नहीं लगने पर बस को डिवाइडर पर चढ़ाना पड़ा। इस दौरान बस का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय बस में करीब 12 से 13 यात्री सवार थे। राहत की बात यह रही कि सभी यात्री सुरक्षित रहे और किसी को चोट नहीं आई। बस चालक ने बताया कि दुर्घटना केवल बाइक चालक की लापरवाही के कारण हुई है।

घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कर्मचारी और ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने मौके पर पहुंच कर सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकला। उसके बाद जाम खुलवाया। वहीं क्षतिग्रस्त बस को हटाने के लिए क्रेन मंगवाई गई।

## प्लॉट को अपना बताकर 1.07 करोड़ ठगने वाला गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** आर्थिक अपराध शाखा-2 की पुलिस ने 1.07 करोड़ रुपयों की ठगी करने के मामले एक आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी को बुधवार को अदालत में पेश करके एक दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी की पहचान गुरुग्राम के बसई गांव निवासी भारत भूषण (31 वर्ष) के रूप में हुई है। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि वह किराये पर मकान दिलाने का काम करता है। मामले में शिकायतकर्ता से जिस प्लॉट के नाम पर उसने रुपये लिए गए थे वह प्लॉट इसकी जमीन में से काटा गया था। उस जमीन में से रास्ते की जमीन सहित कुछ जमीन की रजिस्ट्री भारत भूषण नाम थी, जिसका फायदा उठाकर आरोपी ने प्रॉपर्टी डीलर साथियों कृष्ण, सोनू व अन्य साथी के साथ मिलकर योजना बनाई और एक ऐसा प्लॉट ढूंढ़ा जिसका मालिक यहां नहीं रहता था। योजना के अनुसार, आरोपी भारत भूषण को शमशेर सिंह नामक व्यक्ति के प्लॉट का मालिक बनाया और शिकायतकर्ता को धोखे में रखकर उससे 1.07 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। इस ठगी में से 80 लाख रुपये आरोपी भारतभूषण ने अपने बैंक खाते में प्राप्त किए और 27 लाख रुपये सोनू, कृष्ण व अन्य साथी ने नकद प्राप्त किए थे।

## दिल्ली से चोरी हुआ ट्रक गुरुग्राम से बरामद

**गुरुग्राम।** दिल्ली से चोरी हुआ एक ट्रक खेड़कीदौला थाना क्षेत्र में यातायात पुलिस को मिला। यातायात पुलिस ने ट्रक मालिक से संपर्क करके सूचना दे दी। ट्रक को खेड़कीदौला थाना पुलिस को सौंप दिया गया है। यातायात निरीक्षक मनोज कुमार को सिही चौक पर एक ट्रक लावारिस हालत में मिला। उन्होंने आसपास ट्रक के बारे में पूछा लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने ट्रक के नंबर से मालिक का नंबर निकालकर संपर्क किया। ट्रक मालिक ने बताया कि शुक्रवार को उनका ट्रक दिल्ली में नरेला से चोरी हो गया था। उन्होंने पुलिस को भी इसकी शिकायत दी थी।

## जालसाजों ने दंपती के बैंक खातों से निकाले 1.20 लाख

**गुरुग्राम।** जालसाजों ने एक दंपती के बैंक खातों से पंजीकृत मोबाइल नंबरों को बदलकर 1.20 लाख रुपये निकाल लिए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने साइबर अपराध शाखा मानेसर में एफआईआर दर्ज की है।

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी निवासी सुरेश बाबू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मानेसर क्षेत्र में एक कंपनी में काम करता है। 21 से 23 अगस्त के बीच उसके बैंक खाते से 15,655 रुपये और उसकी पत्नी के बैंक खाते से 1,04,987 रुपये कट गए। दोनों के बैंक खातों में एक ही मोबाइल नंबर लिंक था, जोकि 20 अगस्त को बंद हो गया था। सुरेश ने इस नंबर को 24 अगस्त को दोबारा चालू कराया। इस दौरान एक अनजान नंबर से कॉल आई थी। सुरेश ने पुलिस को शिकायत दी है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके बैंक खातों व मोबाइल नंबर के माध्यम से 1.20 लाख रुपये निकाल लिए है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## क्लब में प्रवेश को लेकर हुए हंगामे में तीन नामजद

**गुरुग्राम।** सेक्टर-60 स्थित डॉन जॉन नाइट क्लब में प्रवेश करने को लेकर हुए हंगामे के मामले में तीन आरोपियों को नामजद किया गया है। 31 अगस्त की रात करीब एक बजे कुछ युवकों ने हंगामा किया था। जब क्लब के बाउंसरों ने युवकों को रोका तो उन्होंने क्लब पर पत्थर और ईंटें बरसानी शुरू कर दीं। क्लब में आए कई लोगों को चोटें भी आईं थीं। क्लब पर हंगामे की सूचना मिलते ही सेक्टर-65 थाने की पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक आरोपी युवक भाग गए थे। सेक्टर-65 थाने की पुलिस ने क्लब पर पत्थर बरसाने मामले में तीन आरोपियों को नामजद करते हुए एक सितंबर को एफआईआर दर्ज की है। वहीं, मामले में अन्य कई युवकों की पहचान के लिए पुलिस जांच कर रही है। सभी आरोपी कादरपुर गांव के निवासी बताए गए हैं। बताया जा रहा है कि रात के समय क्लब के बाहर व अंदर अफरा-तफरी का माहौल था। कुछ युवकों ने शराब के नशे में क्लब के अंदर प्रवेश करना चाहा लेकिन बाउंसरों ने उन्हें रोक दिया। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि झगड़ा क्लब के अंदर प्रवेश करने की बात को लेकर हुआ था। क्लब के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं लेकिन वे बंद मिले। ऐसे में मामले की सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान की जा चुकी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करके कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली सचिवालय के पास पहुंचा यमुना का पानी राहत शिविर भी डूबे; 208 मीटर के करीब जलस्तर

**नई दिल्ली :** यमुना में लगातार बढ़ रहे जलस्तर से देश की राजधानी दिल्ली के कुछ इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। बाढ़ के कारण हजारों लोग बेघर हो गए हैं। अब शहर के भीतरी हिस्सों में भी पानी भरने का खतरा बढ़ गया है।

वहीं, हथिनीकुंड बैराज से बुधवार सुबह से लेकर रात तक छोड़े जा रहे पानी को दिल्ली आते देखकर ये साफ है कि पानी जल्द कम नहीं होगा। देर रात यमुना का जलस्तर 207.40 मीटर तक पहुंच गया था। केंद्रीय जल आयोग ने सूचना जारी की है कि दिल्ली में पानी और बढ़ सकता है।

इससे आशंका है कि दिल्ली में यमुना का जलस्तर 208 मीटर तक पहुंच सकता है। यदि ऐसा होता है तो 2023 की बाढ़ की तरह आउटर रिंग रोड और कश्मीरी गेट आईएसबीटी तक पानी पहुंचने के आसार हैं। इससे दिल्ली में न केवल आवागमन बाधित हो सकता है बल्कि बड़े पैमाने पर जनजीवन प्रभावित होने का खतरा भी है।



**मयूर विहार-फेज 1 के पास बनाए गए राहत शिविरों में पानी :** वहीं, दिल्ली में लगातार बारिश और यमुना नदी में उफान की वजह से मयूर विहार-फेज 1 के पास बनाए गए राहत शिविरों में पानी भर गया है। दिल्ली के सिविल लाइंस में बेला रोड पर उफनती यमुना नदी का पानी घुसने से वाहन डूब गए, इमारतें जलमग्न हो गईं।

### निचले इलाकों में रहने वालों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा

बाढ़ की आशंका को देखते हुए यमुना नदी के पास निचले इलाकों में रहने वालों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। दिल्ली में लोहा पुल और आसपास के इलाकों में लगातार बारिश के बाद यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।

### निगमबोध घाट डूबा, अंतिम संस्कार पर रोक

यमुना के जलस्तर का असर राजधानी के सबसे बड़े श्मशान घाट निगमबोध पर भी पड़ा है। बुधवार शाम को पूरी तरह बाढ़ की चपेट में आने से यहां अंतिम संस्कार की प्रक्रिया रोक दी गई है। घाट परिसर में कई फीट तक पानी भर गया है। यमुना का पानी बहकर रिंग रोड तक पहुंच गया है। प्रशासन ने निगमबोध घाट को बचाने के लिए कई प्रयास किए। यमुना की ओर मिट्टी भरकर बोरे लगाकर पानी को रोकने की कोशिश की गई लेकिन पानी के बढ़ते दबाव के आगे यह प्रयास नाकाम साबित हुए। घाट की एक तरफ दीवार का कुछ हिस्सा भी टूट गई जिससे पानी का प्रवाह और तेज हो गया। बाढ़ नियंत्रण विभाग और एमसीडी की टीमें मौके पर मौजूद हैं और हालात पर नजर रखे हुए हैं।

### पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थियों के लिए मुसीबत

दिल्ली के वजीराबाद में यमुना का बढ़ता जलस्तर पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थियों के लिए मुसीबत बन गया है। घरों में पानी भरने से लोगों को सिग्नेचर ब्रिज के पास शरण लेनी पड़ रही है। लोगों का आरोप है कि शासन-प्रशासन ने उनकी सुध नहीं ली और न ही टेंट या अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की गई। भारी बारिश ने उनकी मुश्किलों को और बढ़ा दिया है।

# ड्रग्स सप्लाई में नाइजीरियाई और एक महिला समेत छह गिरफ्तार, अफ्रीकी नागरिक ने किया सिंडिकेट का खुलासा



**दिल्ली :** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ड्रग्स सप्लाई करने वाले दो नाइजीरियाई नागरिक और महिला समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को दिल्ली, ग्रेनो और बेंगलुरु से पकड़ा गया है। इनके कब्जे से लगभग 21 करोड़ रुपये के मूल्य का 7 किग्रा मेथमफेटामाइन बरामद की गई है।

अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया, 19 जुलाई को एक सूचना मिली कि केरल में एनडीपीएस के विभिन्न मामलों में वांछित सुहैल दिल्ली से बेंगलुरु, केरल और दक्षिण भारत के विभिन्न हिस्सों में प्रतिबंधित मादक पदार्थों की सप्लाई करता है। टीम ने दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के एक बीएनबी गेस्ट हाउस से केरल के कन्नूर निवासी सुहैल और सुजिन को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 5950 ग्राम मेथमफेटामाइन बरामद किया गया।

जांच में पता लगा कि आरोपी व्हाट्सएप पर बातचीत के लिए नाइजीरिया का नंबर का इस्तेमाल कर रहा था। इसके बाद पुलिस ने दिल्ली के छतरपुर इलाके में रहने वाले अफ्रीकी नागरिक टोबी डेको को गिरफ्तार कर लिया। इससे 64 ग्राम मेथामफेटामाइन बरामद किया गया। उसने बताया कि वह सुहैल को ड्रग्स की सप्लाई करता है।

# यमुना इसलिए ले लेती है दिल्ली में विकराल रूप, गाद ने रोका नदी का प्रवाह... कम हो रही गहराई



**दिल्ली :** राजधानी के दर्ज इतिहास में तीसरी बार यमुना का विकराल रूप दिख रहा है जबकि बीते वर्षों की तुलना में हथिनी कुंड बैराज से कम पानी छोड़ा गया है। बुधवार रात 11 बजे जलस्तर 207.44 मीटर तक पहुंचने के साथ ही 2013 की बाढ़ पीछे छूट गई। विशेषज्ञ मानते हैं कि इसकी बड़ी वजह यमुना की तली का उथला होते जाना है। गाद जमने से नदी का बेहतर प्रवाह नहीं हो रहा।

वहीं, एक के बाद एक यमुना में बने पुल भी प्रवाह को बाधित करते हैं। नदी का फ्लड प्लेन भी पहले की तरह अवरोध मुक्त नहीं है। इसका मिला-जुला असर पानी के फैलाव के तौर पर दिख रहा है। केंद्रीय जल आयोग के आंकड़े बताते हैं कि इस साल हथिनी कुंड से एक घंटे में सबसे ज्यादा पानी एक सितंबर की सुबह 9 बजे छोड़ा गया। इसकी मात्रा 3.29 लाख रही। यह इस सीजन का पीक डिस्चार्ज है जबकि 2023 में इसकी मात्रा 3.59 लाख क्यूसेक थी। 2013 व 2019 में यह आंकड़ा 8 लाख क्यूसेक से ज्यादा था। इसके बावजूद 2023 के अलावा दूसरे वर्षों में बाढ़ जनित त्रासदी मौजूदा वक्त की तुलना में कम दिखी थी। उस दौरान यमुना अपनी सरहद को नहीं लांघी थी और न ही बांधों में दरार डाल पाई थी जबकि इस साल यमुना का रूप दिल्ली में विकराल है।

### ये हैं कारण

विशेषज्ञों का कहना है कि नालों की गाद और निर्माण सामग्री को बाढ़ क्षेत्र में छोड़ने पर हालात बिगड़ रहे हैं। नदी की गहराई साल-दर-साल कम होती जा रही है। इससे पानी को भीतर रोके रखने की नदी की क्षमता घटी है। दूसरी तरफ दिल्ली में यमुना पर एक के बाद एक पड़ने वाले 12 से ज्यादा पुल प्रवाह को बाधित करते हैं। वहीं, इनसे गाद के जमने का आधार भी मिलता है। इसके अलावा पुलों की निमार्णाधीन साइट्स के नजदीक मलबा भी पड़ा हुआ है। इसका नतीजा जलस्तर के दोनों छोरों पर फैलाव के तौर पर दिख रहा है।

### समय से मलबा निकालना जरूरी

विशेषज्ञों का कहना है कि नदी की तली कितना ऊपर हुई है इस बारे में विस्तृत अध्ययन करना आज की दिल्ली के लिए बेहद जरूरी है। इसके बाद ही बगैर इको सिस्टम में ज्यादा छेड़छाड़ किए बिना ठीक तरीके से नदी के चैनल का डिसिल्टेशन किया जा सकेगा। जहां तक पुलों के निर्माण की बात है कि पानी रोककर ही पिलर खड़े किए जाते हैं लेकिन अगर इसका मलबा समय से नहीं निकाला गया तो बाढ़ के प्रवाह में अवरोध पैदा ही करेगा। वहीं, बाद में यह मलबा नदी की तलहटी को ऊंचा करेगा।

# बारिश से सड़कों पर हुआ जलभराव, पेड़ गिरने से गुल हुई बिजली



**गाजियाबाद।** मंगलवार की दोपहर से शुरू हुई बारिश बुधवार को भी पूरे दिन जारी रही। बुधवार की सुबह हल्की धूप निकलने से लोगों ने थोड़ी राहत की सांस ली लेकिन दोपहर करीब सवा एक बजे से फिर से बारिश शुरू हो गई। इसके चलते शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया।

कई स्थानों पर बारिश और कीचड़ के चलते बाइक सवार गिरकर घायल भी हो गए। बारिश के दौरान शास्त्रीनगर एफ ब्लाक में पेड़ गिर गया। इस वजह से वहां के लोगों को जाम की समस्या से भी दो-चार होना पड़ा।

बारिश के चलते गोविंदपुरम, कैलाभट्ठा, गोविंदपुरम सी ब्लाक, बी ब्लाक, गांधीनगर, संजयनगर, पटेल नगर, शास्त्रीनगर, प्रतापविहार, राजनगर एक्सटेंशन, हिंडन अंडरपास, बुलंदशहर रोड, कमला नेहरूनगर, एनएच नौ सर्विस रोड, लालकुआं अंडरपास, विजयनगर सेक्टर नौ, विजयनगर सेक्टर तीन, आंबेडकर रोड, नेहरूनगर, राकेश मार्ग, हमतुम रोड, शास्त्रीनगर ए ब्लाक, कविनगर समेत कई स्थानों पर लोगों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ा।

### सोसायटियों के बेसमेंट में भरा पानी

दो दिन से लगातार हो रही बारिश के चलते कई सोसायटियों के बेसमेंट में जलभराव हो गया है। तनुश्री सोसायटी के बेसमेंट में जलभराव के चलते लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। इसके अलावा प्रतिक ग्रैंड, गोल्फ लिंक, पंचशील, नेहरूनगर स्थित एक सोसायटी में घुटने तक पानी जमा हो गया। इसकी वजह से लिफ्ट ने काम करना बंद कर दिया।

### शास्त्रीनगर एफ ब्लॉक में गिरा पेड़, आपूर्ति बाधित

बारिश के चलते दिनभर बिजली के आवाजाही का दौर लगा रहा। शास्त्रीनगर एफ ब्लॉक में पेड़ गिरने के चलते विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई। वहीं लैंड क्राफ्ट सोसायटी के बेसमेंट में जलभराव के चलते सुरक्षा के लिहाज से वहां की बिजली को एओए द्वारा बंद करा दिया गया।

केडब्ल्यू सृष्टि में 14 घंटे बिजली की आपूर्ति प्रभावित रही। हालांकि वहां के निवासी प्रमोद कुमार त्यागी ने बताया कि पावर बैकअप से कार्य चल रहा है। किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। इसके अलावा नेहरूनगर, कैलाभट्ठा, प्रतापविहार, सेनविहार, डूडाहेड़ा, बहरामपुर, राठी स्टील, सिद्धार्थ विहार, लोहियानगर, संजयनगर समेत अन्य इलाकों में दिनभर बिजली की आवाजाही का दौर जारी रहा।

## जालसाजों ने पांच लोगों से ठग लिए 11.35 लाख रुपये

**फरीदाबाद।** साइबर ठगों ने स्मार्ट सिटी के पांच लोगों से 11.35 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने टेलीग्राम टास्क, गैस कनेक्शन कटने और नौकरी दिलाने समेत अन्य बहाने से झांसा देकर ठगी की है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम थाना एनआईटी में तीन और बल्लभगढ़ व सेंट्रल में एक-एक एफआईआर दर्ज की गई है। मामलों में टीम जांच कर रही है।




पहले मामले में साइबर क्राइम थाना एनआईटी पुलिस को शिकायत मुजेसर इलाके के रहने वाले राजेश ने दी है। इनका कहना है कि अप्रैल महीने में अज्ञात ने बैंककर्मी बनकर बात की। फिर आरोपी ने लिंक भेजकर क्रेडिट कार्ड की निजी जानकारी हासिल की और 265969 रुपये ट्रांसफर कर लिए। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है।

दूसरे मामले में संजय कॉलोनी निवासी मुकेश कुमार ने पुलिस को शिकायत दी है। इनका कहना है कि 18 अगस्त को साइबर ठगों ने इनसे संपर्क किया। आरोपी ने घर बैठे कमाई का झांसा दिया और फिर टेलीग्राम पर प्रीपेड टास्क में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर 265436 रुपये ट्रांसफर करा लिए। बाद में रिफंड नहीं दिया। साइबर क्राइम थाना एनआईटी पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है।

तीसरे मामले में साइबर क्राइम थाना एनआईटी पुलिस को शिकायत सेक्टर-21सी इलाके की रहने वाली महिला ने दी है। इनका कहना है कि मार्च महीने में साइबर ठगों ने नौकरी दिलाने का झांसा दिया। फिर बहाने से महिला से 1.82 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए।

# फ्लाईओवर के नीचे मिला कश्मीरी युवक का शव

**गाजियाबाद।** नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित एमएमजी अस्पताल के सामने जीटी रोड के फ्लाईओवर के नीचे 32 वर्षीय युवक का शव मिला। कश्मीर से एक सप्ताह पूर्व आए युवक ने मृतक की पहचान तारिक अहमद लोन निवासी ग्राम वागुब थाना तारजो जनपद बारामुला कश्मीर के रूप में की है। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराकर शव उसके भाई को सौंप दिया है। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि कॉलर अब्दुल खालिद ने पीआरवी को सूचना दी कि एमएमजी अस्पताल के सामने एक शव पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। खोजबीन करने पर मृतक का बड़ा भाई हिलाल अहमद लोन पुत्र रियाज अहमद लोन निवासी ग्राम वागुब थाना तारजो जनपद बारामुला कश्मीर मौके पर पहुंचा और शव की शिनाख्त की। बताया कि शव उनके छोटे भाई तारिक अहमद लोन का है।



बीमारी के चलते वह घर से करीब छह माह पूर्व निकल गया था। एक सप्ताह पूर्व ही उन्हें सूचना मिली कि उनका भाई गाजियाबाद में है और नशे की गिरफ्त में है। तीन दिन पूर्व वह गाजियाबाद पहुंचे और भाई की खोजबीन की। मंगलवार को उनका भाई उन्हें नशे की हालत में गंदे कपड़ों में मिला। उन्होंने छोटे भाई का उपचार कराने और घर चलने को कहा। इस पर उनके भाई ने दो दिन बाद घर लौटने की बात कही थी। नशे का आदी और बीमारी के चलते उनके भाई की मौत हुई है। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराकर शव उसके भाई को सौंप दिया है। गमगीन हिलाल अहमद लोन ने बताया कि भाई को कश्मीर स्थित गांव में ही सुपुर्द ए खाक किया जाएगा।

### बजरिया में अराजक तत्वों का जमावड़ा

आसपास के लोगों ने बताया कि विजयनगर और नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित रेलवे स्टेशन के नजदीक अराजक तत्वों का जमावड़ा है। यहां लोग भांग, सुल्फा और गांजे का नशा करते हैं। नशे के कारोबार से कई लोग जुड़े हैं। कश्मीर ही नहीं अन्य राज्यों के युवा भी यहां नशे के धंधे में लिप्त हैं। ऐसे में कभी भी कोई भी अनहोनी या बड़ी घटना घट सकती है।

# अब बारहवीं के अंकों से होगा दाखिला, उवएळ स्कोर की अनिवार्यता खत्म; जानें मॉप-अप राउंड का शेड्यूल

**नई दिल्ली :** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक प्रोग्राम में आखिरी राउंड के लिए दाखिले बारहवीं के अंकों के आधार पर होंगे। इस राउंड में सीयूईटी के अंकों की अनिवार्यता नहीं होगी।

डीयू में साइंस के कोर्स समेत कई अन्य कोर्से में खाली सीटों को भरने के लिए बृहस्पतिवार से मॉपअप राउंड की शुरूआत की जा रही है। इसमें सीटें भरने की जिम्मेदारी कॉलेजों को दी गई है। अब तक डीयू में स्नातक में दाखिले सीयूईटी स्कोर के आधार पर हो रहे थे।

### १२वीं के अंकों के आधार पर भरेंगे सीट

डीयू दाखिला डीन प्रो. हनीत गांधी ने बताया कि बृहस्पतिवार से मॉपअप राउंड की शुरूआत की जा रही है। इसमें कॉलेज 12वीं के अंकों के आधार पर सीटों को भरेंगे। खाली सीटों की जानकारी 4 सितंबर को ही शाम पांच बजे तक प्रदर्शित की जाएगी।



यदि इस राउंड के बाद भी सीटें खाली रहती हैं तो आगे दाखिला प्रक्रिया जारी नहीं रखेंगे। इसके बाद दाखिला प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। इस राउंड में दाखिले के इच्छुक छात्र चार से सात सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए सामान्य, ओबीसी, ईडब्लयूएस श्रेणी के छात्रों को 250 रुपये और एससी, एसटी व पीडब्लयूडी के 100 रुपये आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। इसके अलावा मॉपअप शुल्क के रूप में अतिरिक्त एक हजार रुपये शुल्क का भी भुगतान करना होगा।

### 13 सितंबर तक करना होगा फीस का भुगतान

आवेदन के बाद कॉलेज सीटों का आवंटन का 8 से 11 सितंबर तक करेंगे जिसे छात्रों को स्वीकार कर 13 सितंबर तक फीस का भुगतान करना होगा। प्रो. गांधी ने बताया कि जिन्होंने पहले आवेदन किया हुआ है और उन्हें कोई सीट नहीं मिली ऐसे छात्रों को दोबारा आवेदन नहीं करना है।

# शेयर बाजार में निवेश के बहाने 10.70 लाख की ठगी में दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** शेयर बाजार में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर 10.70 लाख रुपये की ठगी में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में अभिषेक कुमार और अंकुश सोना शामिल हैं। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि ये दोनों साइबर ठगों को बैंक खाते मुहैया कराते हैं। इन्होंने गोपाल का बैंक खाता लेकर आगे ठगों को दिया था। केस में गोपाल को पुलिस पहले गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर लेकर टीम पूछताछ कर रही है।

आरोपी अभिषेक कुमार एमबीए पास है और उसने 2020 तक चाइनीज कंपनी के लिए लोन दिलवाने का काम किया था। उन्हीं के माध्यम से वो साइबर ठगों के संपर्क में आया और बैंक खाते मुहैया कराने लगा। आरोपी अंकुश सोना बीए पास है और फिलहाल बेरोजगार है।




ठगी की यह वारदात सेक्टर-86 के रहने वाले व्यक्ति से हुई थी। साइबर क्राइम थाना सेंट्रल पुलिस को उन्होंने शिकायत दी कि यू-ट्यूब पर एक विज्ञापन देखा था। इसमें शेयर बाजार में निवेश करने पर मुनाफा दिलाने का दावा किया गया था। विज्ञापन पर क्लिक करते ही ये व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ गए। आरोपियों ने बताया कि उनकी कंपनी सेबी से पंजीकृत है और 5 प्रतिशत ब्रोक्रेज के आधार पर स्टॉक टिप्स देते हैं। इसके बाद शिकायतकर्ता ने ठगों के बताए गए स्टॉक्स में 10.70 लाख रुपये निवेश कर दिए। बाद में रिफंड करना चाहा तो रुपये वापस नहीं किए गए। साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की टीम ने एफआईआर दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी अभिषेक बिहार सीतामढ़ी का मूल निवासी है और अब दिल्ली कापसहेड़ा में रहता है। आरोपी अंकुश सोना असम डिबरूगढ़ का मूल निवासी है और दिल्ली के डाबरी इलाके में रहता है।

## काफा नेशंस कप, भारत को झटका:

# डिफेंडर झिंगन चोट के कारण काफा नेशंस कप के बाकी मैचों से बाहर



**हिसोर (ताजिकिस्तान), एजेंसी।** भारत इस समय चार टीमों के ग्रुप में दूसरे स्थान पर है जिसने मेजबान ताजिकिस्तान को हराया था। इसके बाद एशियाई दिग्गज और दुनिया की 20वें नंबर की टीम ईरान से हार गया। भारत के स्टार डिफेंडर संदेश झिंगन ईरान से 0-3 से मिली हार के दौरान लगी चोट के कारण काफा नेशंस कप के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। 32 वर्ष के झिंगन को लगी चोट भारत के लिए करारा झटका है जिसे गुरुवार को ग्रुप बी के तीसरे और आखिरी मैच में अफगानिस्तान से खेलना है। भारत इस समय चार टीमों के ग्रुप में दूसरे स्थान पर है जिसने मेजबान ताजिकिस्तान को हराया था। इसके बाद एशियाई दिग्गज और दुनिया की 20वें नंबर की टीम ईरान से हार गया। ईरान छह अंक लेकर शीर्ष पर है। भारत की आगे बढने की उम्मीदें अफगानिस्तान के खिलाफ मैच पर टिकी हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने एक्स पर लिखा, डिफेंडर संदेश झिंगन को ईरान के खिलाफ भारत के काफा नेशंस कप 2025 मैच के दौरान चोट लगी थी। वह भारत लौट जाएंगे।

## ODI ऑलराउंडर, अफगानिस्तान के प्लेयर की बादशाहत खत्म

# 39 साल के सिकंदर रजा बने दुनिया के नंबर-1



नई दिल्ली, एजेंसी। आईसीसी ने बुधवार को अपनी ताजा रैंकिंग जारी की, इसमें ओडीआई ऑलराउंडर रैंकिंग में एक बड़ा बदलाव हुआ. अफगानिस्तान के प्लेयर अज़मतुल्लाह उमरज़ई पहले स्थान से खिसककर दूसरे नंबर पर आ गए हैं. उनकी जगह ली है जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने, जो 302 रेटिंग के साथ ओडीआई में दुनिया के नए नंबर-1 ऑलराउंडर बन गए हैं. 39 वर्षीय सिकंदर रजा ने पिछले हफ्ते श्रीलंका के खिलाफ 2 वनडे मैचों में शानदार बल्लेबाजी की थी. उन्होंने 29 अगस्त को खेले गए मुकाबले में 92 रनों की शानदार पारी खेली थी. हालांकि बावजूद इसके जिम्बाब्वे जीत नहीं सकी थी, लेकिन टीम जीत के बेहद करीब पहुंच गई थी. 299 का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे लक्ष्य से सिर्फ 8 रन दूर रह गई थी. इसके बाद 31 अगस्त को हुए मुकाबले में रजा ने नाबाद 59 रन बनाए थे, इसमें भी श्रीलंका आसानी से जीत नहीं मिली थी.

### अज़मतुल्लाह उमरज़ई की बादशाहत खत्म

सिकंदर रजा ओडीआई ऑलराउंडर रैंकिंग में पहले तीसरे स्थान पर थे, लेकिन इन दो पारियों ने उन्हें टॉप पर पहुंचा दिया है. उन्होंने अफगानिस्तान के ऑलराउंडर प्लेयर अज़मतुल्लाह उमरज़ई का ताज छीना, जो अब दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं.

### ICC वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में टॉप-5 बल्लेबाज

सिकंदर रजा (जिम्बाब्वे) - 302 रेटिंग

अज़मतुल्लाह उमरज़ई (अफगानिस्तान) - 296 रेटिंग

मोहम्मद नबी (अफगानिस्तान) - 292 रेटिंग

मेहदी हसन मिराज (बांग्लादेश) - 249 रेटिंग

माइकल ब्रेसवेल (न्यूजीलैंड) - 246 रेटिंग

### टेस्ट और टी20 में भारत की बादशाहत बरकरार

टेस्ट फॉर्मेट में दुनिया के नंबर-1 ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ही हैं, इस लिस्ट के टॉप-10 में भी कोई बदलाव नहीं हुआ है. जबकि हार्दिक पांड्या दुनिया के नंबर टी20 ऑलराउंडर हैं. उनके 252 रेटिंग पॉइंट्स हैं. हालांकि अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को एक अंक का फायदा हुआ है, वह अब टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं और नेपाल के दीपेंद्र सिंह तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं.

### तीनों फॉर्मेट में दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज

इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रुट 908 रेटिंग के साथ आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में पहले नंबर पर हैं. ओडीआई रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज भारत के शुभमन गिल हैं, जिनके 784 रेटिंग हैं. टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा हैं.

## पांच साल की उम्र में फिडे रेटिंग, शतरंज के तीनों प्रारूपों में दिल्ली की बेटी ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरिनी शतरंज के तीनों प्रारूपों क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में फिडे रेटिंग हासिल करने वाली दुनिया की सबसे युवा बेटी बन गई हैं। डी गुकेश, प्रगनानंदा और दिव्या देशमुख के बाद अब पांच साल की बेटी दिल्ली की आरिनी लाहोटी ने शतरंज की दुनिया में भारत का डंका बजा दिया है। आरिनी शतरंज के तीनों प्रारूपों क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में फिडे रेटिंग हासिल करने वाली दुनिया की सबसे युवा बेटी बन गई हैं। क्लासिकल में आरिनी की रेटिंग 1553, रैपिड में 1550 और ब्लिट्ज में 1498 है। दरअसल उनके आयुवर्ग में कई खिलाड़ी रैपिड वर्ग में रेटिंग हासिल कर चुके हैं, लेकिन तीनों प्रारूपों में वह रेटिंग हासिल करने वालीं पहली खिलाड़ी हैं। आरिनी पिछले माह ही अपने आयुवर्ग में भारत की सबसे श्रेष्ठ रेटिंग वाली खिलाड़ी बन गई थीं। रविवार को फिडे ने आधिकारिक रेटिंग जारी की है। 19 सितंबर, 2019 को जन्मीं आरिनी के बारे में निजी स्कूल में शिक्षक उनके पिता सुरेंद्र लाहोटी ने कहा कि जन्मदिन से पहले ही बेटी ने बड़ी खुशी दे दी है। उन्होंने बताया कि घर पर ही बेटी की तैयारी कराते हैं। हम उसी टाइम कंट्रोल के साथ उसकी ट्रेनिंग कराते हैं, जो टूर्नामेंट में होता है।



**पिता से सीखा मोहरों से खेलना:** दिल्ली में एक शतरंज अकादमी चलाने वाले सुरेंद्र बताते हैं कि उनकी बेटी ने एक वर्ष की उम्र में ही शतरंज को बारीकी से देखना शुरू कर दिया। लॉकडाउन के दौरान वह मुझे ऑनलाइन ट्रेनिंग देते समय लगातार देखती थी और जल्द ही उसने अपने तौर पर सही मोहरे चलना सीख लिया। शिक्षक सुरेंद्र का सपना है कि उनकी बेटी सबसे युवा इंटरनेशनल मास्टर और सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बने और पूरे देश को उस पर गर्व हो।

# आज से शुरू होगा सेमीफाइनल इन खिलाड़ियों पर रहेगी नजर

**बेंगलुरु, एजेंसी।** श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल और शार्दुल ठाकुर गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में पश्चिम क्षेत्र की तरफ से मध्य क्षेत्र के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय टीम में वापसी करने के लिए अपना मजबूत दावा पेश करने की कोशिश करेंगे।

अय्यर को एशिया कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया लेकिन वह यहां सत्र की शानदार शुरुआत करके वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला तथा उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले खुद को दावेदारी में बनाए रखना चाहेंगे। अय्यर ने इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के लिए 17 मैचों में 50.33 की औसत और 175 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए, लेकिन इसके बावजूद वह एशिया कप के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बना पाए। उनके अच्छे प्रदर्शन का फायदा पश्चिम क्षेत्र को भी मिलेगा। जहां तक जायसवाल का सवाल है तो बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की कर दी है लेकिन सीमित ओवरों की क्रिकेट में वह राष्ट्रीय चयन समिति की पहली की पसंद नहीं हैं। वह वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले लाल गेंद की क्रिकेट में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे। जायसवाल का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट था और उन्हें अगला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला तक इंतजार करना पड़ सकता है।



दूसरी ओर ठाकुर पश्चिम क्षेत्र की कप्तानी करने के लिए तैयार हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और इसलिए चयनकर्ताओं की नजरों में बने रहने के लिए वह अपने प्रदर्शन को बेहतर करने की कोशिश करेंगे। पश्चिम क्षेत्र की टीम के अन्य प्रमुख सदस्य जैसे रुतुराज गायकवाड़ और तनुश कोटियन अभी अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय चयन समिति का ध्यान खींचना चाहेंगे। जहां तक मध्य क्षेत्र का सवाल है तो ध्रुव जुरेल अगर कमर की चोट से उबर जाते हैं तो वह टीम की कमान संभाल सकते हैं।

झयह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज क्वार्टर फाइनल में नहीं खेल पाया था। जुरेल के बिना भी उनकी बल्लेबाजी दमदार रही, क्योंकि कार्यवाहक कप्तान रजत पाटीदार, दानिश मालेवार और शुभम शर्मा ने बड़े शतक जड़े। उनके पास बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे तथा तेज गेंदबाज खलील अहमद और दीपक चाहर के रूप में मजबूत गेंदबाजी इकाई भी है। एक अन्य सेमीफाइनल में उत्तर क्षेत्र का मुकाबला दक्षिण क्षेत्र से होगा। दक्षिण क्षेत्र के कप्तान तिलक वर्मा एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल है और इसलिए इस मैच में नहीं खेल पाएंगे।

इसके अलावा दक्षिण क्षेत्र को तेज गेंदबाज वैसाख विजयकुमार और बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर की भी कमी खलेगी जो चोटिल हैं। इसलिए दक्षिण क्षेत्र को उत्तर क्षेत्र की चुनौती से निपटने के लिए एन जगदीशन, देवदत्त पडिक्कल और सलमान निजार जैसे खिलाड़ियों से अच्छे स्कोर की आवश्यकता होगी। उत्तर क्षेत्र को तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा की कमी खलेगी जो एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल हैं। उत्तर क्षेत्र की बल्लेबाजी का दारोमदार आयुष बडोनी और कप्तान अंकित कुमार पर रहेगा।

# पाकिस्तान की टीम एक मजाक है...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अफगानिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात में खेली जा रही टी20 ट्राई सीरीज में पाकिस्तान से अपनी पिछली हार बदला ले लिया. इस सीरीज के चौथे मुकाबले में अफगानिस्तान ने अपने पड़ोसी देश को 18 रनों से हरा दिया. इससे पहले उसने यूएई को हराकर इस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की थी. पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अफगानिस्तान ने शानदार प्रदर्शन किया. इस दौरान उनके स्पिनर्स के आगे पाकिस्तान के बल्लेबाज टिक नहीं पाए. अफगानिस्तान से हार के बाद सोशल मीडिया पर पाकिस्तान का खूब मजाक उड़ रहा है. एशिया कप से पहले यूएई टी-20 ट्राई सीरीज में पाकिस्तान को पहली हार का सामना करना पड़ा है. अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान की बल्लेबाजी पूरी तरह से फ्लॉप हो गई. पाकिस्तान की ओर से तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने सबसे ज्यादा रन बनाए. इस दौरान सोशल मीडिया पर पाकिस्तान का खूब मजाक उड़ रहा है. एक फैंस ने लिखा, शोएब अख्तर की बात तो आपको साफ याद होगी, वो बिल्कुल सही थे. ये शारजाह की पिच थी, लेकिन जब उन्हें दुबई की पिच पर खेलना होगा, तो याद रखना, वो 130 रन भी नहीं बना पाएंगे.

दूसरे क्रिकेट फैंस ने लिखा कि अफगानिस्तान के खिलाफ दसवें नंबर के बल्लेबाज हारिस रऊफ 212.50 के स्ट्राइक रेट के साथ पाकिस्तान के शीर्ष स्ट्राइकर रहे. बाबर आजम, पाकिस्तान के सबसे ज्यादा टी 20 रन बनाने वाले बल्लेबाज होने के बावजूद अपने पूरे टी 20 करियर में कभी भी यह उपलब्धि हासिल नहीं कर पाए.

## उनके लिए प्रार्थना कर रहा हूं, जिन्हें हमने खो दिया, बेंगलुरु भगदड़ पर विराट कोहली

**बेंगलुरु, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इसी साल 3 जून को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब अपने नाम किया। अगले दिन विक्ट्री परेड का आयोजन था, लेकिन फैंस के बीच मची भगदड़ में 11 लोगों ने अपनी जान गंवा दी। इस मामले पर आरसीबी के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली का बयान सामने आया है। विराट कोहली के बयान को आरसीबी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया है, जिसमें कोहली ने कहा, जिंदगी में कुछ भी आपको 4 जून जैसे दिल टूटने के लिए तैयार नहीं करता। जो हमारी फ्रेंचाइजी के इतिहास का सबसे खुशी का पल होना चाहिए था, वह एक दुखद घटना में बदल गया।



उन्होंने कहा, मैं उन लोगों के परिवारों के बारे में सोच रहा हूं और उनके लिए प्रार्थना कर रहा हूं, जिन्हें हमने खो दिया। उन फैंस के बारे में सोच रहा हूं, जो घायल हुए। आपका नुकसान अब हमारी कहानी का हिस्सा है। हम साथ मिलकर सम्मान और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ेंगे। इस हादसे में 11 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी, जबकि 33 लोग घायल हुए थे। फ्रेंचाइजी भगदड़ में मारे गए लोगों के परिवारों को आरसीबी केयर्स के जरिए 25 लाख रुपए देने का ऐलान कर चुकी है। मामले को लेकर न्यायिक जांच के आदेश दिए गए थे। घटना के बाद से अब तक बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला गया है। महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 के कुछ मुकाबले यहां खेले जाने थे, लेकिन अब उन्हें मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकेडमी में कराने का फैसला लिया गया है।

## ध्रुव जुरेल को हुआ डेंगू, बड़े घरेलू टूर्नामेंट से हुए बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य क्षेत्र के कप्तान बनाए गए ध्रुव जुरेल डेंगू से पीड़ित होने के कारण दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे। मध्य क्षेत्र के ध्रुव जुरेल 4 सितंबर से पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले का हिस्सा नहीं होंगे। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले टीम के कप्तान बनाए गए इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कमर में दर्द के कारण क्वार्टर फाइनल में हिस्सा नहीं लिया था। अब जुरेल के बीमारी के कारण लंबे समय तक मैदान से बाहर रहने की उम्मीद है।



मध्य क्षेत्र के मुख्य कोच उस्मान गनी ने दावा किया है कि जुरेल डेंगू से पीड़ित हैं और इसलिए दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उन्होंने बताया कि अक्षय वाडकर को विकेटकीपर-बल्लेबाज की जगह टीम में शामिल किया गया है। जुरेल की अनुपस्थिति में रजत पाटीदार ने नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में सेंट्रल जोन की कप्तानी की। इससे पहले एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि जुरेल अपनी कमर की चोट के कारण सेमीफाइनल से बाहर रहेंगे। हालांकि, ऐसा नहीं है। विदर्भ और सेंट्रल जोन के मुख्य कोच उस्मान गनी ने कहा, हां, वाडकर को सेंट्रल ज़ोन टीम में शामिल किया गया है क्योंकि जुरेल डेंगू से पीड़ित हैं। वह अगले मैच के लिए उपलब्ध नहीं हैं और हमें टीम में एक और विकेटकीपर की जरूरत थी। जुरेल आखिरी बार भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में नजर आए थे, जहां उन्होंने चोटिल ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में विकेटकीपिंग की थी। जुरेल के अलावा, कुलदीप यादव ने भी टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है क्योंकि वह एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम के साथ दुबई जाएंगे।

**मध्य क्षेत्र की अपडेटिड टीम :** रजत पाटीदार (कप्तान), अक्षय वाडकर, आर्यन जुयाल, दानिश मालेवार, संजीत देसाई, यश ठाकुर, आदित्य ठाकरे, दीपक चाहर, सारांश जैन, आयुष पांडे, शुभम शर्मा, यश राठौड़, हर्ष दुबे, मानव सुथार, खलील अहमद

स्टैंडबायः माधव कौशिक, युवराज चौधरी, महिपाल लोमरोर, कुलदीप सेन, उपेंद्र यादव

## यूएस ओपनः

# पहली बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में युकी भांबरी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारत के युकी भांबरी न्यूजीलैंड के जोड़ीदार माइकल वीनस के साथ यूएस ओपन के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। भांबरी-वीनस की जोड़ी ने जर्मनी के केविन क्रावित्ज-टिम पुएत्ज की जोड़ी को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से शिकस्त दी। यह इंडो-न्यूजीलैंड जोड़ी अब 41 वर्षीय अमेरिकी राजीव राम और उनके जोड़ीदार निकोला मेक्टिक की 11वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से भिड़ेगी। निकोला क्रोएशिया से हैं। भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष डबल्स टेनिस खिलाड़ी भांबरी ने करियर में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। वह वर्तमान में वर्ल्ड नंबर 32 हैं। पिछले साल भांबरी ने फ्रांस के टेनिस खिलाड़ी अल्बानो ओलिवेटी के साथ यूएस ओपन खेला था। वह प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे। उस मुकाबले में यह जोड़ी स्पेन के मार्सेल ग्रानोलेर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस से सीधे सेटों में हार गई थी। इससे पहले, भांबरी और वीनस ने कोलंबिया के गोंजालो एस्कोबार और मैक्सिको के मिगेल एंजेल रेयेस-वरेला की जोड़ी को 6-1, 7-5 से शिकस्त देकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था।



## इंग्लैंड दौरा कभी नहीं भूल सकताः प्रसिद्ध कृष्णा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज को 2-2 से ड्रॉ कराया था। शुभमन गिल की कप्तानी वाली युवा टीम के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि थी। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा का इसमें अहम योगदान रहा था। प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा है कि एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भारत का 2-2 से रोमांचक ड्रॉ उनके करियर के सबसे यादगार अनुभवों में से एक के रूप में उनकी यादों में हमेशा के लिए अंकित रहेगा। 29 वर्षीय कृष्णा ने द ओवल में खेले गए पांचवें और निर्णायक टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया था और कुल 8 विकेट लेते हुए भारत की जीत में बड़ी भूमिका निभाई थी। बात करते हुए कृष्णा ने कहा, शारीरिक रूप से दौरे ने मुझे थका दिया था। इंग्लैंड सीरीज के बाद मैंने दस दिन का ब्रेक लिया था।

ब्रेक के दौरान भी मुझे शरीर में दर्द महसूस हो रहा था। द ओवल टेस्ट का पांचवां दिन याद करते हुए कृष्णा ने कहा, पहली गेंद, मैंने पहले ही तय कर लिया था, बाउंसर होने वाली थी। वह गेंद चौके के लिए गई, लेकिन इससे मुझे यह समझने में भी मदद मिली कि पिच पर क्या हो रहा है। दूसरी गेंद अंदरूनी किनारे से लगी। पहली दो गेंदों पर आठ रन आने के बावजूद, मैं काफी संयमित था। मुझे पता था कि मुझे एक निश्चित क्षेत्र में, एक निश्चित लंबाई पर गेंद फेंकनी होगी, और गेंद को ही अपना काम करने देना होगा। कृष्णा ने दूसरे छोर से दबाव बनाने के लिए मोहम्मद सिराज को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि पहले कुछ ओवरों में मुझसे ज्यादा सिराज की गेंद स्विंग कर रही

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला जेल बैतूल में परीक्षण शिविर आयोजित

**बैतूल (निप्र)।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को जिला जेल बैतूल में बंदियों हेतु कुष्ठ रोग से संबंधित शंकाप्रद रोगियों की जांच के लिए शिविर आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि शिविर में 501 बंदियों की जांच जिला स्तरीय कुष्ठ रोग दल के श्री राजेश मेहतो एवं श्री लिखीराम सागरे एनएमए द्वारा की गई, जिनमें से 29 बंदियों को फंगल एवं चर्म रोग से संबंधित समस्या पायी गई जिन्हें दवाईयां वितरित की गई। किसी भी बंदी में कुष्ठ रोग के लक्षण नहीं पाए गए। संक्रमण को रोकने के लिए 498 बंदियों को सिंगलडोज रिफाम्सिन केप्सूल दी गई, शिविर में कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारियां प्रदाय की गई। शिविर में जिला जेल अधीक्षक श्री योगेन्द्र तिवारी, जेल फार्मासिस्ट श्री सनद पंडाग्रे एवं मेल नर्स श्री विशाल जेम्स मौजूद रहे।

### माँ तुझे प्रणाम योजनान्तर्गत प्रतिभागियों का दल रवाना

**हरदा (निप्र)।** मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल द्वारा मां तुझे प्रणाम योजनान्तर्गत नर्मदापुरम संभाग से हरदा, रायसेन एवं नर्मदापुरम की एन.सी.सी, स्काउट, खेल, मेधावी, तथा सामाजिक कार्यकर्ता वर्ग में चयनित 50 प्रतिभागियों को मांडू, ओम्कारेश्वर व महेश्वर तक राज्य के विभिन्न पुरात्व धरोहर, भौगोलिक, दर्शनिक एवं धार्मिक प्राचीन स्थलो का भ्रमण कराया जायेगा। जिला खेल अधिकारी सुश्री उमा पटेल ने बताया कि सोमवार को शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय से सांसद प्रतिनिधि श्री मनोज शर्मा, संस्था की प्राचार्या सुश्री कामिनी जैन, विघायक प्रतिनिधि श्री रमेश उपरारियां, संस्था के स्पोर्ट्स अधिकारी श्री धर्मेंद्र गुर्जर ने जिले के प्रतिभागियों को खेल प्रशिक्षक श्री आस्कर मोजिस, ब्लॉक समन्वयक सुश्री सलमा खान, सुश्री उपासना ठाकुर, सुश्री आरती शर्मा, सुश्री शशि रघुवंशी के साथ दल को रवाना किया। यह दल 1 से 5 सितंबर तक प्रदेश के विभिन्न स्थलों का भ्रमण करेगा।

### प्रधान जिला न्यायाधीश श्री रघुवंशी ने जिला जेल का औचक निरीक्षण किया

**हरदा (निप्र)।** प्रधान जिला न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अरविंद रघुवंशी ने सोमवार को जिला जेल, हरदा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने जिला जेल में संचालित लीगल एड क्लीनिक एवं पुरुष व महिला बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों को प्राप्त होने वाली मूलभूत सुविधाएं रसोई घर, पीने के पानी, बैरकों में साफ–सफाई, बंदियों के स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं, भोजन व्यवस्था का भी जायजा लिया व आवश्यक निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि जेल में कुल 288 दंडित एवं विचाराधीन बंदी निरुद्ध हैं, जिनमें से 281 पुरुष एवं 7 महिलाएं हैं जबकि जेल में 90 बंदियों की क्षमता हैं। जेल में क्षमता से अधिक बंदी निरूद्ध है। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही किए जाने के लिए जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान 7 बंदी ऐसे पाये गये, जिनके प्रकरणों में अधिवक्ता उपलब्ध नहीं थे, जिस पर तत्काल जेल लीगल एड क्लीनिक नामांकित पैरालीगल वालेंटियर्स के माध्यम से नियमानुसार आवेदन पत्र लेकर उन्हें नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की कार्यवाही की गयी। निरीक्षण के दौरान बंदियों से पृथक–पृथक व्यक्तिगत रूप से उनकी समस्याओं को जाना और नि:शुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्टेऊट श्री लवकेश सिंह, न्यायिक मजिस्टेऊट प्रथम श्रेणी श्री एस.के. भदकारिया, सहायक जेल अधीक्षक श्रीमती मनीषा यादव तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित थे।

# नगरीय निकायों की डीपीआर रिपोर्ट प्रस्तुत नही करने वाले सीएमओ को कलेक्टर ने लगाई जमकर फटकार

**सीहोर (निप्र)।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि ऐसे प्रकरण जिनका निराकरण नियमानुसार किया जाना संभव नहीं है उन्हें फोर्स क्लोज किया जाए।

कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने विगत बैठकों में सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को अपने नगरीय निकायों की डीपीआर रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे, लेकिन सीहोर सहित कई नगरीय निकायों के सीएमओ ने अभी तक



यह डीपीआर रिपोर्ट प्रस्तुत नही की। इसके लिए कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने डीपीआर रिपोर्ट प्रस्तुत नही करने वाले सभी सीएमओ को जमकर फटकार लगाई और उनके विरूद्ध कार्रवाई के लिए वरिष्ठ कार्यालय को प्रस्ताव भेजने की चेतावनी दी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों के कार्यालयों का वातावरण इस प्रकार व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाएं कि उस कार्यालयों में आने वाले बुजुर्गों को किसी प्रकार की असहजता और परेशानी का सामना न करना पड़े और वे भावनात्मक रूप से सहजता महसूस करें।

बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरू के. जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नलजल योजनाओं में जिन जल उपभोक्ताओं द्वारा निर्धारित मात्रा से अधिक जल लिया जा रहा है उन्हें उस जल की अतिरिक्त राशि बिल में जोड़कर दी जाए। उल्लेखनीय है कि नलजल योजना के तहत एक दिन में एक व्यक्ति के लिए 55 लीटर जल प्रदाय की मात्रा निर्धारित है। बैठक में उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव के दौरान सीहोर के सिद्धि विनायक गणेश मंदिर पर जिन अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है वे अपनी ड्यूटी समयपूर्व पहुंचकर पूरी मुस्तैदी से करें। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में उर्वरक एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके लिए ग्रामीण स्तर पर आवश्यकता का आंकलन कर योजना बनाई जाए। बैठक में उन्होंने वन खंडों के व्यवस्थापन, वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन और भू अर्जन की अब तक की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व एवं वन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन व्यवस्थापन एवं संपरिवर्तन की कार्यवाही में गति लाई जाए।

बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों को पीएम आवास योजना की किश्त का भुगतान हो चुका है और वे इसके बाद भी मकान निर्माण का कार्य प्रारंभ नही कर रहे हैं, तो उन हितग्राहियों से आवास योजना की राशि वसूलने की कार्रवाई की जाए। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक का यह प्रमुख कार्य है कि अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु हो गई है तो उसके परिजन को जल्द से जल्द मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर दें, ताकि उन्हें कार्यालयों के चक्कर न काटना पड़े। मृत्यु प्रमाण पत्र के आभाव में कई बार उस व्यक्ति के परिजन पात्र होते हुए भी कई योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं।

# कलेक्टर ने अभिप्रेरित किया प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली बालिकाओं को

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा जिला मुख्यालय पर संचालित सशक्त वाहिनी की क्लास में पहुंचकर बालिकाओं को मार्गदर्शन देते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अभिप्रेरित किया है। उन्होंने कहां की आप लोग अपने मोबाइल से इंस्टाग्राम फेसबुक स्नैपचैट जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को बंद कर सिर्फ पढ़ाई पर फोकस करें मोबाइल का उपयोग सिर्फ अपने परिजनों एवं आवश्यक कार्य होने पर ही उपयोग करें आप लोग प्रतिदिन हिंदी इंग्लिश रोजगार निर्माण, रोजगार समचार न्यूज पेपर के सांथ प्रतियोगिता दर्पण भी पड़े।

एसएससी की एमटीएस सीएचएसएल आइटीबीपी सीआईएफ बीएसएफ आर ए एफ सीआईएसफ सीआरपीएफ एनसी बी की तैयारी करें वैकेंसी अधिक रहती है और इंडियन भारत गार्डन में भी बहुत स्कोप रहता है उसकी भी तैयारी करें एमपीपीएससी




यूपीएससी के अलावा भी कई परीक्षाएं होती हैं उनकी परीक्षाएं दें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बालिकाओं से कहा कि आप लोग अपने स्वयं के नोट्स बनाकर तैयारी करें और इंग्लिश बोलना सीखे जिसके लिए हिंदी और इंग्लिश अखबार पढ़ें मैंगनीज और पेपर सॉल्व की बुक पडे।साथ ही बालिकाओं को बताया कि आप लोग अपनी हेल्थ में सुधार लाएं जिसके लिए अच्छा पौष्टिक आहार लें क्योंकि स्वस्थ शरीर स्वस्थ मस्त होने से ही हम अच्छी तैयारी कर सकते हैं और हमेशा स्वस्थ रह सकते हैं

आज सशक्त वाहिनी की क्लास में गंजबासौदा की बेटी आकांक्षा जैन जिन्होंने वर्ष 2023 की यूपीएससी परीक्षा पास कर आईएफएस में सिलेक्शन हुआ के द्वारा बालिकाओं को मोंटिवेट किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि आप लोग एक लक्ष्य बनाकर अपनी तैयारी करें और अपने स्वयं के नोट्स बनाएं जिससे आपको हर एक चीज हमेशा याद रहेगी और उनके द्वारा बताया की कोई भी परीक्षा निकालना मुश्किल नहीं है उसके लिए हमें अपनी मेहनत के साथ अन्य चीजों से ध्यान हटाकर सिर्फ उसी का फोकस करना चाहिए जो हमारा लक्ष्य है आपको जरुर सफलता मिलेगी।

श्रीमती विनीता लोढ़ा जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बताया गया की ऐंसी बालिकाएं जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रायवेट कोचिंग नहीं लें पा रही है उनके लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था विभाग द्वारा कराई गई है जिसमें विषय विशेषज्ञ द्वारा अलग अलग विषय की तैयारी के साथ ही फिजिकल क्लास भी कराई जा रही है सशक्त वाहनी अभियान अंतर्गत संचालित निःशुल्क कक्षाओं का मुख्य उद्देश्य है बालिकाओं को शासकीय नौकरी मे चयन हेतु अवसर प्रदान करना है।

सशक्त वाहिनी कक्षा के सहायक नोडल अधिकारी श्री संतोष रघुवंशी महिला एवं बाल विकास अनुज जैन एवं प्रशिक्षक श्री शिवेंद्र श्रीवास एवं सौरव रघुवंशी उपस्थित रहें।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान



**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विदिशा जिले के चिन्हित ग्रामों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से शेष रहे हितग्राहियों के आधार कार्ड, समग्र आईडी, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, बनाए जाने के साथ-साथ शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, पीएम जीवन ज्योति योजना, राशन कार्ड-पात्रता पर्ची और पीएम किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 11 अगस्त को ग्राम बहलोट और महमूदा में शिविर का आयोजन कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। साथ ही साथ 12 अगस्त को पिपरिया जाजोन, मसूदपुर, 13 अगस्त को सकरौली, मंगरोद, 14 अगस्त को चोरावर, कुराबद, 19 अगस्त को वेदक चौड़ा, सैरवासा, 20 अगस्त को कुल्हार, काजी करोदा, 21 अगस्त को औरंगपुर, बरोदिया, 22 अगस्त को उदयपुर, मुर्तजा नगर, 25 अगस्त को गोरिया, लखूली, 26 अगस्त को नौघई, पांचमा, 27 अगस्त को बरमढ़ी, त्यौंदा, 28 अगस्त को दैलवाड़ा, पधार और 29 अगस्त को बंजरिया और करीमपुर में भी शिविरों का आयोजन हुआ है।

# सहकारी समितियों में उर्वरकों का तीव्र गति से भंडारण शुरू



**विदिशा (निप्र)।** आगामी रबी फसल हेतु सहकारी समितियों में उर्वरकों का तीव्र गति से भंडारण शुरू हो गया है। रबी फसल की बुवाई में अभी 2 माह का समय है, किन्तु जिले की सहकारी समितियों में अभी से उर्वरकों का तीव्र गति से भंडारण शुरू हो गया है। जिले के सौराई रेक प्वाइंट पर विगत 15 दिनों में 2 दिन के अंतराल से निरंतर खाद की रेक आ रही हैं। रेक से ट्रकों में खाद लोड होकर सहकारी समितियों में पहुंचाया जा रहा है, ताकि कृषकों को खाद के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े और नजदीकी समिति से आसानी से खाद मिल जाए। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के सीईओ श्री विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि जिले की सभी 154 सहकारी समितियों में यूरिया खाद की उपलब्धता हो गयी है। इसी क्रम में आज सोमवार को सौराई रेक प्वाइंट पर एचयूएलआर कम्पनी की यूरिया खाद की रेक लगी है, जिससे 403 मी. टन यूरिया खाद सहकारी समितियों में भेजा जा रहा है। वर्तमान में सहकारी समितियों में 7100 मी. टन यूरिया व 3200 मी.टन डीएपी एवं 3300 मी. टन काम्पलेक्स उर्वरकों का स्टॉक है। इस वर्ष कृषकों को बुवाई हेतु उर्वरकों के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिला प्रशासन द्वारा इस योजना पर कार्य किया जा रहा है। जिले में उर्वरको की रेक निरंतर आ रही हैं और उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। आगामी 2 दिवस में एनएफएल डीएपी मात्रा 2895 मी.टन का रेक भी जिले को प्राप्त हो रहा है। शासन का प्रयास है कि बुवाई के 1 माह पूर्व ही कृषकों को उनकी आवश्यकता का खाद उपलब्ध करा दिया जाए।

# संबल योजना के लंबित अपील प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाएं : कलेक्टर

**बैतूल (निप्र)।** संबल योजना के लंबित अपील प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित कराएं। यह निर्देश कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को दिए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम अपने रीडर्स को प्रकरणों का समय पर निराकरण करने के लिए ताकीद करें। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिले और जनपद स्तर पर ई ऑफिस प्रणाली की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी जिला और जनपद स्तरीय अधिकारियों को ई ऑफिस प्रणाली का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी जिला अधिकारी रोस्टर अनुरूप अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण करें। रोस्टर के अनुसार निरीक्षण नहीं किए जाने पर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। समग्र ई केवाईसी अभियान की प्रगति की भी कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जनपद और निकायवार समीक्षा की। उन्होंने जनपद सीईओ घोड़ाडोंगरी, सीएमओ शाहपुर को विशेष ध्यान देकर प्रगति लाने के निर्देश दिए। राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने उद्यानिकी फसलों की गिरदावरी की जानकारी भी ली। उन्होंने उप संचालक उद्यानिकी को पूरी गंभीरता से व्यवस्थित गिरदावरी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।




सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को लंबित शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने 50 दिवस से अधिक की शिकायतों का भी समाधान किए जाने के निर्देश दिए। समय सीमा अवधि के पत्रों की भी कलेक्टर ने जानकारी ली और उनका निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षत जैन सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी राजस्व अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि माननीय न्यायालयीन प्रकरणों में पूरी गंभीरता से जवाब प्रस्तुत किया जाएं। उन्होंने लंबित न्यायालयीन प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लंबित न्यायालयीन प्रकरणों में संबंधित तहसीलदार को नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम इसकी सतत मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें।

## श्री कृष्ण गौशाला में लंपी रोग से बचाव हेतु टीकाकरण

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने जिले की सभी गौशालाओं के पशुओं की बेहतर देखभाल हो साथ ही समय चक्र अनुसार टीकाकरण कार्यक्रम अभियान के रूप में आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता के निर्देशों के अनुपालन में जारी कार्यवाही की जानकारी देते हुए पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के उपसंचालक डॉ के एन शुक्ला ने बताया कि गंजबासौदा विकास खंड के ग्राम कालापाठा में स्थित श्री कृष्ण गौशाला में आज पशुपालन विभाग द्वारा लंपी स्किन डिज़ीज़ से बचाव हेतु व्यापक टीकाकरण अभियान का क्रियान्वयन किया गया। इस अभियान के तहत सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी घटेरा श्री ए.के. शर्मा द्वारा गौशाला में संरक्षित सभी गौवंश का नि:शुल्क टीकाकरण किया गया। श्री शर्मा ने बताया कि - ÷लंपी रोग पशुओं में तेजी से फैलने वाला वायरल संक्रमण है। समय पर टीकाकरण ही इससे बचाव का सबसे कारगर उपाय है। इस अभियान से गौवंश सुरक्षित रहेंगे और उनके स्वास्थ्य में सुधार होगा।÷ गौशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने कहा - ÷पशुपालन विभाग द्वारा समय-समय पर दी जा रही सेवाएँ हमारे लिए अत्यंत लाभकारी हैं। हम विभाग के आभारी हैं कि उन्होंने गौवंश की सुरक्षा को प्राथमिकता दी।÷ साथ ही उन्होंने स्थानीय प्रशासन से भी अपेक्षा व्यक्त की कि भविष्य में ऐसे ही सहयोगात्मक अभियान जारी रहें, जिससे जिले की सभी गौशालाएँ लंपी जैसी संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रह सकें।

# टीएल बैठक में ने की सीएम हेल्पलाईन और योजनाओं की समीक्षा

**रायसेन (निप्र)।** सीएम हेल्पलाइन जनसमस्याओं के निराकरण का महत्वपूर्ण माध्यम है। सीएम हेल्पलाईन पर प्राप्त प्रकरणों के निराकरण में और अधिक मेहनत की आवश्यकता है। सभी अधिकारी गंभीरता से रुचि लेते हुए प्रकरणों का प्रभावी निराकरण कराएं। इसके लिए अधिकारी हितग्राहियों से स्वयं चर्चा करें तथा शत-प्रतिशत सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए। उन्होंने विभागीय गतिविधियों, अभियानों तथा योजनाओं की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, पंचायत, राजस्व, लोक निर्माण विभाग, सहकारिता सहित अन्य विभागों की



सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों तथा निराकरण की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए कहा कि कुछ विभागीय अधिकारियों द्वारा निरंतर बेहतर कार्य किया जा रहा है, वह और अधिक बेहतर काम करने के लिए प्रयास करें। सीएम हेल्पलाईन निराकरण में धीमी गति से काम कर रहे अधिकारियों को निराकरण में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि आगामी एक सप्ताह में अधिक से अधिक शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं। कोई भी शिकायत निम्न गुणवत्ता से बंद ना हो और ना ही कोई शिकायत नॉन अटेंडेन्ट रहे। प्रत्येक शिकायत पर समयावधि में नियमानुसार निराकरण की कार्यवाही की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन और सीएमएचओ को शिकायतों के निराकरण में गंभीरता नहीं दिखाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में 50 दिवस से अधिक समयावधि की सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि इन शिकायतों के निराकरण में गति नहीं आई है। एसडीएम, जनपद सीईओ तथा सीएमओ प्रतिदिन शिकायतों के निराकरण की कार्यवाही की व्यक्तिगत रूप से मॉनीटरिंग करें तथा निराकरण में तेजी लाएं। उन्होंने ऊर्जा विभाग, शहरी विकास, राजस्व, स्वास्थ्य तथा शिक्षा विभाग की सीएम हेल्पलाईन शिकायतें नॉन अटेन्डेन्ट रहने पर भी नाराजगी व्यक्त की तथा नियमित रूप से सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का समयावधि में निराकरण हेतु निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री विश्वकर्मा द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान के संबंध में जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को दिशा-निर्देश दिए। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा ग्रामीण की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवासों के निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही समग्र ई-केवायसी कार्य में तेजी लाने हेतु सभी जनपद सीईओ को निर्देश दिए। इसी प्रकार वनाधिकार धारकों को केसीसी प्रदाय करने संबंधी कार्य की जानकारी लेते हुए सभी पात्र हितग्राहियों को केसीसी से लाभान्वित करने हेतु कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। एक बगिया मॉ के नाम अभियान की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य से अधिक स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को पौधरोपण हेतु चिन्हित कर लाभान्वित करने के निर्देश सभी जनपद सीईओ और अधिकारियों को दिए गए।

इसी प्रकार नगरीय निकायों में गीता भवनों के निर्माण हेतु भूमि चयन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने तथा मण्डीदीप और रायसेन में नवीन फायर स्टेशन निर्माण हेतु भी भूमि चिन्हांकित करने हेतु पीओ डूडा तथा एसडीएम को निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा द्वारा महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, टेक होम राशन, पोषण आहार वितरण तथा नवीन आंगनवाड़ी भवनों की प्रगति की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सभी पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाए जाने के निर्देश दिए गए। वन विभाग की समीक्षा करते हुए अवैध कटाई, उत्खनन और परिवहन में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

स्वत्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रामपाल सिंह परमार द्वारा जय माता प्रिंटर्स, 28, कुम्हारपुरा, चर्च रोड, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद, भोपाल, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 49 वर्धमान ग्रीन एन्क्लेव दामखेड़ा, सागर लैंड मार्क के पास अयोध्या बायपास, भोपाल (मप्र) से प्रकाशित। संपादक रामपाल सिंह परमार। समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार (समस्त न्यायिक मामलों का क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा) फोन नं. – 8770932048